**NEET Bulletin Helpline No.**
**8800265682**
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# विजडम इंडिया

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

लखनऊ से प्रकाशित

वर्ष: 13 अंक: 178 लखनऊ, शनिवार 10 फरवरी 2024 मूल्य: 02 रूपये पृष्ठ- 08

## एसपीजी ने मना भी किया, फिर भी लाहौर गया...सांसदों को लंच पर पीएम मोदी ने सुनाई नवाज शरीफ की बेटी की शादी वाली अनप्लांड यात्रा की कहानी

एजेंसी।

नई दिल्ली प्रधानमंत्री ने यह भी खुलासा किया कि विशेष सुरक्षा समूह (एसपीजी) द्वारा उनकी यात्रा पर आपत्ति जताए जाने के बावजूद वह 2015 में अपने तत्कालीन समकक्ष नवाज शरीफ से मिलने पाकिस्तान गए थे। संसद के आठ सदस्यों को शुक्रवार को बड़ा आश्चर्य हुआ। यह लगभग दोपहर के भोजन का समय था जब उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ लंच के लिए इनवाइट किया गया था। इस तरह से विभिन्न पार्टियों के आठ सांसद संसद कैंटीन में पीएम मोदी के साथ भोजन के लिए बैठे। दोपहर के भोजन के लिए पीएम मोदी के साथ बीजेपी सांसद हीना



गावित, एस.फांगनोन कोन्याक, जामयांग सेरिंग नामग्याल, एल मुरुगन, टीडीपी सांसद राममोहन नायडू, बीएसपी सांसद रितेश पांडे और बीजेडी सांसद सस्मित पात्रा शामिल हुए।लिफ्ट का दरवाजा खुला तो सांसद हैरान रह गए और उन्हें कैंटीन में ले जाया गया। एक सांसद ने कहा कि हमें बुलाया गया था और हम ऊपर गए और तब एहसास हुआ कि हम कहाँ जा रहे थे...कैंटीन का दरवाजा खुला। सांसद ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि जब हम कैंटीन पहुंचे, तो हम विजिटर्स लाउंज में थे। हम सभी ने एक–दूसरे की ओर देखा और सोचा कि हम सभी को कैसे बुलाया गया है। अनौपचारिक बातचीत के दौरान पीएम मोदी ने बताया कि उनका पसंदीदा खाना खिचड़ी है। उन्होंने कहा कि मैं हमेशा पीएम मोड में नहीं रहता। मैं सिर्फ अच्छा खाना चाहता था। प्रधानमंत्री ने यह भी खुलासा किया कि विशेष सुरक्षा समूह (एसपीजी) द्वारा उनकी यात्रा पर आपत्ति जताए जाने के बावजूद वह 2015 में अपने तत्कालीन समकक्ष नवाज शरीफ से मिलने पाकिस्तान गए थे। सूत्रों के अनुसार, सांसदों ने पीएम मोदी के साथ बैठकर बातचीत करने का दुर्लभ मौका लिया और उनके बैक–टू–बैक शेड्यूल, व्यस्त विदेश यात्राओं, गुजरात के बारे में और बहुत कुछ के बारे में बात की। सांसदों ने कहा कि यह एक महान, अनौपचारिक अनुभव था। ष्हम सभी प्रश्न पूछ रहे थे, हम एजेंडा तय कर रहे थे।

## नहीं मानेंगे कृष्ण! योगी के बयान के बाद ज्ञानवापी को लेकर जेल भरो आंदोलन, जुमे की नमाज के बाद सड़कों पर हजारों लोग

संवाददाता।

लखनऊ नमाज के बाद बरेली, उत्तर प्रदेश के मौलवी और इत्तेहाद–ए–मिल्लत काउंसिल के प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खान ने ज्ञानवापी के अंदर नमाज अदा करने के विरोध में श्जेल भरोश आंदोलन का आह्वान किया। उत्तर प्रदेश विधानसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुस्लिम समाज से एक बार फिर अपील की है। उन्होंने कहा कि अपनी बात ऐसे वक्त में कही है जब ज्ञानवापी के मामले पर जमकर बयानबाजी हो रही है। हमने तो केवल तीन जगह मांगी... श्री अयोध्या धाम का उत्सव लोगों ने देखा... नंदी बाबा ने भी कहा कि हम काहे इंतजार करें... हमारे कृष्ण कन्हैया कहां मानने वाले हैं। सीएम योगी के बयान के बाद तौकीर रजा ने ज्ञानवापी





को लेकर जेल भरो आंदोलन का आह्वान किया। बरेली में स्थिति तनावपूर्ण शुक्रवार की नमाज के बाद बरेली, उत्तर प्रदेश के मौलवी और इत्तेहाद–ए–मिल्लत काउंसिल के प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खान ने ज्ञानवापी के अंदर नमाज अदा करने के विरोध में श्जेल भरोश आंदोलन का आह्वान किया। पुलिस ने बताया कि मौलाना के विरोध प्रदर्शन के आह्वान के बाद बरेली में स्थिति तनावपूर्ण हो गई। मौलाना तौकीर रजा खान के ऐलान के बाद पुलिस एहतियाती कदम उठा रही है और प्रस्तावित कार्यक्रम को रोकने के लिए पुख्ता इंतजाम किए हैं। गिरफ्तारी देने के लिए सड़कों पर उतरे तौकीर रजा, हजारों समर्थक भी मौजूद हैं। तौकीर रजा ने विवादित बयान देते हुए कहा कि तुम हमारे घर पर बुलडोजर चला दोगे तो क्या चुप बैठेंगे। तौकीर रजा ने कहा कि तुम हमारे घर पर बुलडोजर चला दोगे तो क्या हम चुप रहेंगे। अब किसी का बुलडोजर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान रजा ने पीएम मोदी और उत्तराखंड के सीएम पुष्कर धामी पर आपत्तिजनक टिप्पणी भी की।

## पुलिस ने किया नकली घी बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़, 2500 लीटर नकली घी जब्त

एजेंसी।

जयपुर। पुलिस ने बताया कि जिले के रानी थाना इलाके में चल रहे इस कारखाने में बृहस्पतिवार की रात स्थानीय पुलिस एवं रसद विभाग की टीम को साथ लेकर छापा मारा गया।

जयपुर। पुलिस की अपराध शाखा (सीआईडी) की टीम ने प्रदेश के पाली जिले में नकली घी बनाने के एक कारखाने का पर्दाफाश कर 2500 लीटर नकली देसी घी जब्त किया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि जिले के रानी थाना इलाके में चल रहे इस कारखाने में बृहस्पतिवार की रात स्थानीय पुलिस एवं रसद विभाग की टीम को साथ लेकर छापा मारा गया। अतिरिक्त महानिदेशक (अपराध) दिनेश एम एन ने एक बयान में बताया कि इस



कारखाने के बारे में खुफिया सूचना मिली थी। इस पर बृहस्पतिवार को संयुक्त टीम ने स्टेशन रोड स्थित पार्श्व फूड प्रोडक्ट फैक्ट्री में छापा मारा। उन्होंने बताया कि फैक्ट्री से करीब 2500 लीटर नकली की बरामद हुआ। शुरुआती जांच में घी नकली होने की आशंका पर रसद विभाग की टीम द्वारा सैंपल लिये गये। फैक्ट्री में मिले सामान को जब्त कर नष्टीकरण योग्य बदबूदार घी को नष्ट किया गया। एक अन्य कार्रवाई में भीलवाड़ा जिले की मांडल थाना पुलिस की टीम ने एक कार से 43 किलो 600 ग्राम अवैध अफीम डोडा चूरा से भरे दो कट्टे जप्त किए हैं। जब्त मादक पदार्थ की कीमत करीब 10 लाख रुपए है। कार में सवार राकेश मेघवाल (21) एवं सद्दाम हुसैन (23) को गिरफ्तार किया गया है। यह मादक पदार्थ मध्यप्रदेश से तस्करी कर लाया गया था।

## छत्तीसगढ़ का 1.47 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश, किसी नए कर का प्रस्ताव नहीं

रायपुर। छत्तीसगढ़ चौधरी ने राज्य को विकासशील से विकसित राज्य बनाने के मकसद से इस साल एक नवंबर को 'अमृतकालरू छत्तीसगढ़ विजन /2047' नाम से एक दस्तावेज लाने की भी घोषण की। के वित्त मंत्री ओ. पी. चौधरी ने शुक्रवार को राज्य विधानसभा में वित्त वर्ष 2024–25 के लिए 1,47,446 करोड़ रुपये का बजट पेश किया। उन्होंने कहा कि यह गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी या 'ज्ञान' (जीवाईएएन) की समृद्धि पर केंद्रित है। साथ ही इससे बुनियादी ढांचे के विकास को गति मिलेगी। विष्णु देव साई ने दिसंबर में मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। साई नीत भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार के पहले बजट में किसी नए कर की घोषणा नहीं की गई। चौधरी ने राज्य को विकासशील से विकसित राज्य बनाने के मकसद से इस साल एक नवंबर को 'अमृतकालरू छत्तीसगढ़ विजन /2047' नाम से एक दस्तावेज लाने की भी घोषण की। चौधरी ने 'विजन' दस्तावेज पर कहा कि इसके तहत पहला मध्यावधि लक्ष्य अगले पांच वर्षों में जीएसडीपी (सकल राज्य घरेलू उत्पाद) को पांच लाख करोड़ रुपये से दोगुना करके 2028 तक 10 लाख करोड़ रुपये करना होगा। उन्होंने कहा, '' बजट गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी के आर्थिक वृद्धि पर केंद्रित है। इससे पूंजीगत व्यय में वृद्धि के साथ–साथ युवाओं के लिए रोजगार तथा आजीविका को बढ़ावा देकर बुनियादी ढांचे के विकास को बल मिलेगा।'' उन्होंने कहा कि बजट 'मोदी की गारंटी' के तहत किए गए (चुनाव पूर्व) वादों को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मंत्री ने कहा, '' पिछले पांच वर्षों में पूर्ववर्ती (कांग्रेस) सरकार ने गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी के साथ अन्याय किया। न केवल गरीबों से छत का अधिकार छीना गया, बल्कि खाद की कालाबाजारी, दो रुपये प्रति किलोग्राम गोबर की खरीद और 10 रुपये प्रति किलोग्राम में जबरन घटिया खाद (गाय के गोबर से तैयार) बेचने का भी काम किया गया।'' मंत्री ने दावा किया कि पूर्ववर्ती सरकार ने महिलाओं को 500 रुपये देने का वादा किया था, लेकिन इसे पूरा करने में विफल रही। उन्होंने कहा, '' दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर योजना के लिए 500 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके तहत भूमिहीन मजदूरों को 10,000 रुपये की वार्षिक सहायता प्रदान की जाएगी जो पिछले साल 7,000 रुपये थी।'' मंत्री ने कहा कि बजट में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 18 लाख मकानों के निर्माण के लिए

## चंद्रबाबू नायडू की अमित शाह से मीटिंग के बाद, जगन मोहन ने पीएम मोदी से की मुलाकात



तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के अध्यक्ष एन चंद्रबाबू नायडू द्वारा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपीनड्डा से मुलाकात के ठीक एक दिन बाद हुई है, जिससे अटकलें तेज हो गई हैं कि दोनों पार्टियां आगामी चुनावों के लिए आंध्र प्रदेश में हाथ मिला सकती हैं। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और राज्य के लिए विशेष राज्य का दर्जा मांगा। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री और पीएम मोदी के बीच मुलाकात के बारे में प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने भी ट्वीट किया। विशेष श्रेणी के दर्जे के मुद्दे पर 2019 के राज्य चुनावों में जीत हासिल करने वाले जगन मोहन रेड्डी ने अतीत में इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ कई बैठकें की हैं। यह बैठक तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के अध्यक्ष एन चंद्रबाबू नायडू द्वारा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपीनड्डा से मुलाकात के ठीक एक दिन बाद हुई है, जिससे अटकलें तेज हो गई हैं कि दोनों पार्टियां आगामी चुनावों के लिए आंध्र प्रदेश में हाथ मिला सकती हैं। सूत्रों ने कहा कि आंध्र प्रदेश में कांग्रेस की पकड़ मजबूत होने और तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के भाजपा के साथ गठबंधन की संभावना के बीच रेड्डी आखिरी प्रयास करने के लिए राष्ट्रीय राजधानी पहुंचे। सूत्रों ने कहा कि आंध्र के मुख्यमंत्री ने संसद परिसर में प्रधान मंत्री से मुलाकात की और आंध्र प्रदेश को विशेष श्रेणी का दर्जा सहित लंबित परियोजनाओं और मांगों पर चर्चा की। आंध्र प्रदेश में मई से पहले आम और राज्य विधानसभा चुनाव एक साथ होने की संभावना है।

## हल्द्वानी में लोगों को आग में झोंकने का प्रयास हुआ, उपद्रवी किसी भी कीमत पर बख्शे नहीं जाएंगे: सीएम धामी

एजेंसी

उत्तराखंड । हम आपको बता दें कि उत्तराखंड के हल्द्वानी में बृहस्पतिवार को अवैध मदरसा और नमाज स्थल के ध्वस्तीकरण के दौरान भड़की हिंसा में अब तक चार लोगों की मौत हो गयी, जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को वनभूलपुरा में हिंसा के बाद स्थिति का जायजा लेने के लिए आज हल्द्वानी का दौरा किया और हिंसा में घायल हुए पुलिसकर्मियों और पत्रकारों से मुलाकात की। उन्होंने घायलों के परिजनों से भी मुलाकात की और अस्पताल में भर्ती घायलों से भी बातचीत की। इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि न्यायालय के आदेश पर अतिक्रमण हटाने का काम चल रहा था। अतिक्रमण हटाने के दौरान हमला हुआ है। कल हमारी महिलाकर्मियों को मारा पीटा गया है, पत्थरों और बंदूकों से उन पर हमला किया है। इसके बारे में जितना खराब कहा जाए वो कम है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड देवभूमि है, यहां कभी ऐसा नहीं हुआ है, इन्होंने देवभूमि की हवा खराब करने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पत्रकारों के साथ मारपीट हुई है, बुरी तरह से उनके कैमरे तोड़े गए हैं। पत्रकारों को जिंदा आग में झोंकने तक का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा है कि कानून अपना काम करेगा। जिन लोगों ने भी सरकारी संपत्ति जलाई है उन पर कार्रवाई की जाएगी। हम आपको बता दें कि उत्तराखंड के हल्द्वानी में



बृहस्पतिवार को अवैध मदरसा और नमाज स्थल के ध्वस्तीकरण के दौरान भड़की हिंसा में अब तक चार लोगों की मौत हो गयी, जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना के संबंध में चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है तथा अन्य को चिन्हित कर उनकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं। अधिकारियों ने बताया है कि जिले के बनभूलपुरा क्षेत्र में हिंसा के बाद तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए हल्द्वानी शहर में कर्फ्यू लगा दिया गया और दंगाइयों को देखते ही गोली मारने के आदेश दिए गए। उन्होंने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से शहर के संवेदनशील इलाकों में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी लगातार हालात पर नजर रखे हुए हैं और उन्होंने अधिकारियों को शांति एवं कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अपर पुलिस महानिदेशक, कानून और व्यवस्था, ए.पी अंशुमान को प्रभावित क्षेत्र में कैंप करने को कहा है। नैनीताल की जिलाधिकारी वंदना सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद मीणा ने शुक्रवार को संयुक्त रूप से संवाददाताओं को संबोधित करते हुए घायल लोगों में से दो की मृत्यु होने की पुष्टि की। मीणा ने बताया कि घटना में दो व्यक्तियों की मृत्यु हो गयी है और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हैं।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अराजक तत्वों द्वारा बनभूलपुरा थाने और पुलिसकर्मियों पर हमला किए जाने के दौरान पुलिस को आत्मरक्षा में बल प्रयोग करना पड़ा जिसमें ये लोग घायल हुए थे। उन्होंने बताया कि इन लोगों को गोली लग गयी थी। उन्होंने बताया कि तीन अन्य गंभीर रूप से घायलों में से एक को गोली लगी है जबकि दो अन्य को अलग प्रकार की चोटें आयी हैं। उन्होंने बताया कि उनका उपचार किया जा रहा है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुलिस थाने और पुलिसकर्मियों पर हमला करने के संबंध में चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। घटना के संबंध में तीन प्राथमिकी दर्ज की गयी हैं। उन्होंने कहा कि हल्द्वानी शहर के लोगों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने तथा अराजक तत्वों से सख्ती से निपटना उनकी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि भीड़ को कथित रूप से उकसाने में करीब 15कृ20 लोग संलिप्त हो सकते हैं। जिलाधिकारी ने कहा, श्बृहस्पतिवार को हुई हिंसा पूरी तरह से अकारण थी और अराजक तत्वों का काम थी जो ढ़ांचों को बचाने की कोशिश नहीं कर रहे थे बल्कि अधिकारियों, राज्य सरकार की मशीनरी और कानून–व्यवस्था को निशाना बना रहे थे।श पुलिस अधिकारी ने बताया कि शहर में हालात काबू में हैं। उन्होंने बताया कि शहर में कर्फ्यू लगा दिया गया है और संवेदनशील क्षेत्रों में करीब 1100 पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि श्मलिक का बगीचाश पर कथित रूप से खड़े ये दो ढ़ांचे (अवैध मदरसा और मस्जिद) सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर बनाए गए थे और अदालत के आदेश का अनुपालन करते हुए उनके ध्वस्तीकरण के लिए पूर्व में ही नोटिस जारी किया गया था। उन्होंने यह भी बताया कि ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू करने से पहले नगर निगम प्रशासन उसका विधिक रूप से कब्जा ले चुका था। सिंह ने बताया कि उपद्रवियों की भीड़ ने पुलिसकर्मियों और नगर निगम के कर्मचारियों पर पथराव किया, जिन्हें पहले बिना बल प्रयोग के वहां से हटाने का पूरा प्रयास किया गया। उन्होंने बताया कि उपद्रवियों ने पेट्रोल बम फेंक कर बनभूलपुरा पुलिस थाने को जलाने का प्रयास किया। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने पहले उपद्रवियों को बिना ज्यादा बल प्रयोग के हटाने का प्रयास किया लेकिन बाद में जब भीड़ ने थाने में आग लगा दी तो आत्मरक्षा में पुलिस को भी बल प्रयोग करना पड़ा। जिलाधिकारी ने बताया कि इस मौके पर बड़ी संख्या में वाहन भी जलाए गए

## कुछ लोग भारत को धर्मनिरपेक्ष से धार्मिक राष्ट्र बनाने का प्रयास कर रहे हैं,

कासरगोड। यहां 36वीं केरल विज्ञान कांग्रेस के उद्घाटन के बाद उन्होंने कहा, "कुछ लोग बौद्धिक चिंतन के स्थान पर मनगढ़ंत कहानियों को प्राथमिकता देकर हमारे धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र को धार्मिक राष्ट्र में बदलने का प्रयास कर रहे हैं। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने शुक्रवार को कहा कि कुछ लोग, जिनमें संवैधानिक पदों पर बैठे कुछ लोग भी शामिल हैं, बौद्धिक विचार के बजाय "मनगढ़ंत कहानियों" को प्राथमिकता देकर देश को एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र से धार्मिक राष्ट्र में बदलने की कोशिश कर रहे हैं। विजयन ने कहा कि इसलिए सावधानी और सतर्कता से आगे



बढ़ने की जरूरत है। यहां 36वीं केरल विज्ञान कांग्रेस के उद्घाटन के बाद उन्होंने कहा, "कुछ लोग बौद्धिक चिंतन के स्थान पर मनगढ़ंत कहानियों को प्राथमिकता देकर हमारे धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र को धार्मिक राष्ट्र में बदलने का प्रयास कर रहे हैं। दुर्भाग्य से संवैधानिक पदों पर बैठे कुछ लोग ऐसे प्रयासों का नेतृत्व कर रहे हैं।" उन्होंने कहा, "इसलिए, हमें सतर्कता और सावधानी से आगे बढ़ने की जरूरत है।" मुख्यमंत्री ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि जैसे–जैसे राज्य उत्तरोत्तर और वैज्ञानिक रूप से आगे बढ़ रहा है, वैसे–वैसे समाज में अवैज्ञानिक प्रथाओं और विचारों में भी वृद्धि देखी जा रही है। विजयन ने कहा, "इस आधुनिक समय में भी, हमने राज्य में मानव बलि जैसे जघन्य कृत्य होते देखे हैं। अंधविश्वासी विचार भी बढ़ रहे हैं। हमें इन मुद्दों को गंभीरता से देखने और उनसे बचाव करने की आवश्यकता है। ऐसा करने के लिए, हमें समाज में वैज्ञानिक जागरूकता पैदा करने की आवश्यकता है और केरल विज्ञान कांग्रेस ऐसा ही एक समाधान है।

## कोविड 19 के वायरस ने 223 बार बदला अपना रूप, घातक प्रभाव कम हुआ है, राज्यसभा में स्वास्थ्य मंत्री

एजेंसी

नयी दिल्ली। मांडविया ने लोकसभा में पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए कहा कि कोविड–19 अब इन्फ्लुएंजा की तरह बना रहेगा और इसके मौजूदा स्वरूप घातक नहीं हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को लोकसभा में कहा कि कोविड–19 के वायरस का दुनियाभर में 223 बार उत्परिवर्तन (म्यूटेशन) हुआ है और इसके घातक प्रभाव समय के साथ कम हुए हैं। मांडविया ने लोकसभा में पूरक प्रश्नों का उत्तर




देते हुए कहा कि कोविड–19 अब इन्फ्लुएंजा की तरह बना रहेगा और इसके मौजूदा स्वरूप घातक नहीं हैं। उन्होंने कहा, ''जब किसी वायरस का 100 से अधिक उत्परिवर्तन होता है तो इसके घातक प्रभाव कम हो जाते हैं। कोविड के वायरस का भी उत्परिवर्तन हुआ है। अब तक कोविड का वायरस 223 बार उत्परिवर्तित हो चुका है।'' स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि इन्फ्लुएंजा की तरह, जो हर साल एक या दो बार लोगों को प्रभावित करता है, ''कोविड हमारे साथ है और रहेगा''।

## देश में आज 15 किमी प्रतिदिन की दर से रेल पटरियां बिछाई जा रहीं, राज्यसभा में रेल मंत्री

एजेंसी।

नई दिल्ली मंत्री ने बताया कि रेल पटरियां बिछाने के काम में तेजी लाने के लिए विभिन्न प्रयास किए गए जिनमें प्रक्रिया में या डिजाइन में बदलाव और भूमि अधिग्रहण से लेकर कोष बढ़ाना शामिल है। उन्होंने रेलवे को गरीबों की सवारी बताते हुए कहा कि रेलवे के लिए आवंटन भी बढ़ाया गया है। नयी दिल्ली। सरकार ने शुक्रवार को बताया कि देश में आज 15 किलोमीटर प्रतिदिन की दर से रेल पटरियां बिछाई जा रही हैं और 2014 से 2023 तक कुल 30,336 किमी तक रेल पटरियां बिछाई जा चुकी हैं। रेल मंत्री अश्विनी कुमार वैष्णव ने राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान यह जानकारी दी।

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
sheelshukla100@gmail.com

# एलडीए अधिकारियों ने अकबरनगर में किया कैम्प, 5 टीमों ने गलियों में घूमकर किया अनाउंसमेंट

लखनऊ(आरएनएस)। विकास प्राधिकरण के अधिकारियों ने शुक्रवार को अकबरनगर में कैम्प करके विस्थापितों को प्रधानमंत्री आवास आवंटित कराने के लिए जागरूक किया। इस क्रम में पांच अलग–अलग टीमों ने अयोध्या रोड व अकबरनगर की गलियों में घूमकर माइक से अनाउंसमेंट भी किया। लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा विस्थापितों के लिए प्रधानमंत्री आवास की पंजीकरण धनराशि घटाकर आधी कर दी गयी है। इसके तहत अब मात्र 5,000 रूपये में ही आवास के लिए पंजीकरण किया जा रहा है, जबकि शेष धनराशि 10 वर्ष की आसान किश्तों में देनी होगी।

लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा अकबरनगर प्रथम व द्वितीय में कुकरैल नदी व बंधे के विस्थापितों को आवास व दुकानें आवंटित की जा रही हैं। जिसके लिए उपाध्यक्ष डॉ0 इन्द्रमणि त्रिपाठी के आदेशानुसार अकबरनगर पुलिस चौकी के निकट ही विशेष पंजीकरण शिविर स्थापित किया गया है। यह शिविर दिनांक–09.12.2023 से लगातार संचालित किया जा रहा है। शुक्रवार को एलडीए के अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा, विशेष कार्याधिकारी श्रद्धा चौधरी एवं रोहित सिंह समेत अन्य अधिकारियों व अभियंताओं ने पूरा दिन अकबरनगर में ही कैम्प किया। इस दौरान उन्होंने कैम्प में आये विस्थापितों को पंजीकरण की प्रक्रिया की पूरी जानकारी दी, साथ ही आवास के लिए दी जा रही सहूलियत व छूट के बारे में बताया। वहीं, दोपहर करीब 2:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक पांच अलग–अलग टीमों ने अकबरनगर में घूमकर माइक से अनाउंसमेंट करके पात्र विस्थापितों को कैम्प में उपस्थित होकर आवास आवंटित कराने के लिए जागरूक किया। अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि अभी तक कुल 82 विस्थापितों ने प्रधानमंत्री आवास के लिए पंजीकरण कराया है, जिनमें से पात्र विस्थापितों को बसन्तकुंज योजना में भवन आवंटित करके आवंटन पत्र भी दिये जा चुके हैं। इसके अलावा कई विस्थापितों ने डूडा आसरा आवास योजना के लिए पंजीकरण कराया है।

उन्होंने ने बताया कि उपाध्यक्ष के आदेशानुसार विस्थापितों को कई सहूलियतें दी जा रही हैं। इसमें एक तरफ प्रधानमंत्री आवास की पंजीकरण धनराशि 10,000 रूपये से घटाकर 5,000 रूपये कर दी गयी है। वहीं, दूसरी तरफ व्यावसायिक श्रेणी में 25 प्रतिशत के स्थान पर मात्र

15 प्रतिशत धनराशि के अग्रिम भुगतान पर ही दुकानों का कब्जा दिया जा रहा है। इसके अलावा जो विस्थापित प्रधानमंत्री आवास की पात्रता नहीं रखते हैं, वे प्राधिकरण की योजनाओं में रिक्त फ्लैटों को 15 प्रतिशत के अग्रिम भुगतान पर लेकर निवास कर सकते हैं। इन सभी श्रेणियों में अवशेष धनराशि 10 वर्षों की आसान किस्तों में देनी होगी।

# निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन और दवा वितरण हुआ'।

लखनऊ(आरएनएस),,ओलिव द पब्लिक स्कूल, गोमती नगर, लखनऊ के तत्वाधान में आज विद्यालय परिसर में एक निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया और निशुल्क दवा वितरण हुआ।इस अवसर पर बहुत बड़ी संख्या में छात्र–छात्राओं के साथ उनके अभिभावक भी शामिल होकर लाभान्वित हुए।इस शिविर में लगभग सभी प्रकार के रोगों से संबंधित चिकित्सकों ने लोगों की चिकित्सकीय जांच की। शिविर में मुख्य रूप से आए प्रख्यात डॉक्टर एम एम ए फरीदी जी ( प्रिंसिपल और डीन एरा मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल, लखनऊ ) ने बच्चों की जांच की। डॉक्टर एम एम ए फरीदी साहब ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों के लिए सबसे अधिक लाभकारी मां का दूध होता है, नवजात बच्चों की मां को चाहिए कि बच्चों को अपना दूध अधिक से अधिक समय तक पिलाएं जो कि इन बच्चों को अनेक रोगों से लड़ने की ताकत देता है। डॉक्टर फरीदी साहब ने एक अभिभावक के सवाल पर जवाब देते हुए कहा कि लोग किसी भी तरह की भ्रामक सूचनाओं पर ध्यान न देते हुए कोविड वैक्सीन को अवश्य लगवाएं।शिविर में उपस्थित निदेशक ऑर्थोपेडिक, मेदांता हॉस्पिटल, लखनऊ , डॉक्टर सैफ एन शाह ने लोगों को सलाह दी के कैल्शियम और प्रोटीन युक्त भोजन का सेवन अवश्य करें जिससे कि शरीर की हड्डियों को मजबूती मिलेगी। लोग प्रतिदिन व्यायाम करने की आदत अवश्य डालें, इससे शरीर के सभी जोड़ सुचारू रूप से कार्य करते रहेंगे। विवेकानंद हॉस्पिटल, लखनऊ के पल्मोनोलॉजिस्ट डॉक्टर मोहम्मद आमिर जी ने लोगों की स्वास्थ्य जांच करते हुए कहा कि तेल युक्त भोजन करने से बचें क्योंकि यह लीवर को अधिक संक्रमित करता है जिससे कि हृदय रोग की संभावनाएं बहुत अधिक बढ़ जाती हैं। निदेशक शिफालय हॉस्पिटल, लखनऊ और मशहूर नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर एस एम शारिक जी ने लोगों से कहा कि आंखों को स्वस्थ रखने के लिए हरी सब्जियों का सेवन अधिक करें और मोबाइल का प्रयोग सीमित रखें। प्रसूति और स्त्री रोग विशेषज्ञ अपोलोमेडिक्स हॉस्पिटल, लखनऊ डॉक्टर फरीहा खातून ने लोगों से कहा कि मां बनना सौभाग्य की बात है।

एक गर्भवती महिला को अपने खान–पान पर विशेष ध्यान देते हुए बैलेंस डाइट लेनी चाहिए जिससे कि उसके होने वाले शिशु को पर्याप्त मात्रा में सभी प्रकार के विटामिन, मिनरल्स इत्यादि मिल सकें और शिशु का पूर्ण विकास हो।

# पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने अयोध्या के इतिहास एवं सांस्कृतिक महत्व की जानकारी देने के लिए 22 टूरिस्ट गाइड को लाइसेंस व पहचान पत्र वितरित किया

## अयोध्या के बारे में जानकारी देने के लिए पर्यटन विभाग ने 136 टूरिस्ट गाइडों को किया प्रशिक्षित

लखनऊ (आरएनएस)। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर के लोकार्पण के पश्चात देश–विदेश से प्रतिदिन भारी संख्या में श्रद्धालु दर्शनार्थ पहुंच रहे हैं। इन्हें अयोध्या के गौरवशाली इतिहास तथा दिव्य, नव्य एवं अलौकिक नई अयोध्या के बारे में जानकारी उपलब्ध कराने में प्रशिक्षित गाइड महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगे। इन गाइडों को मान्यवर कांशीराम इंस्टीट्यूट आफ टूरिज्म मैनेजमेंट लखनऊ से बांग्ला, गुजराती, नेपाली, तेलगू तथा अन्य दक्षिण भाषाओं में प्रशिक्षित किया गया है। उन्होंने कहा कि ये गाइड दक्षिण भारत तथा दूसरे हिस्सों से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए उपयोगी होंगे। इसके साथ ही सांस्कृतिक आदान प्रदान के माध्यम बनेंगे। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह आज गोमतीनगर स्थित पर्यटन भवन के सभागार में 22 टूरिस्ट गाइड को लाइसेंस एवं पहचान पत्र वितरण के अवसर पर सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात देशभर से लगभग दो से ढ़ाई लाख श्रद्धालु प्रतिदिन अयोध्या पहुंच रहे हैं। इसमें दक्षिण भारत से विभिन्न भाषायें बोलने वाले शामिल हैं। इनको अयोध्या के इतिहास एवं वर्तमान स्वरूप के बारे में विधिवत जानकारी देने के लिए टूरिस्ट गाइड तैयार किये गये हैं। अधिकांश गाइड अयोध्या एवं आसपास के रहने वाले हैं। जयवीर सिंह ने बताया कि इन गाइडो में 47 गुजराती, 39 तेलगू, 27 बंगाली और 23 नेपाली भाषा के हैं। इन्हें अंग्रेजी एवं हिन्दी भाषा का भी ज्ञान है। कुछ गाइड मराठी, पंजाबी, सिन्धी, तमिल, कन्नड़, फ्रेंच, रसियन और कोरियाई भाषा में भी संवाद करने में सक्षम हैं। इसके अलावा यह 14 भाषाओं में जानकारी उपलब्ध करा सकेंगे। उन्होंने बताया कि पर्यटन विभाग ने इन्हें 10 वर्ष के लिए लाइसेंस जारी किया गया है। इन गाइडों को टूरिस्ट गाइड के रूप में रोजगार के साथ आमदनी भी होगी। पर्यटन मंत्री ने बताया कि संस्थान द्वारा जिन छात्रों को लाइसेंस दिया गया है, इसमें 100 से ज्यादा अयोध्या और अन्य आसपास के जिलों से हैं। इसलिए अयोध्या के धार्मिक, अध्यात्मिक, भौगोलिक, सामाजिक, आर्थिक और ऐतिहासिक स्थिति से पहले से परिचित हैं। प्रशिक्षण के दौरान इनको अयोध्या में हो रहे बदलावों और भविष्य की आवश्यकताओं से परिचित कराया गया है। इन छात्रों को फिल्ड विजिट भी कराया गया है। अयोध्या में काम करने वाले टूरिस्ट गाइड ने भी इन छात्रों को प्रशिक्षण दिया है। इस प्रकार सभी छात्रों को सैद्धांतिक और व्यावहारिक रूप से प्रशिक्षित किया गया है। प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति तथा धर्मार्थ कार्य मुकेश मेश्राम ने इस अवसर पर कहा कि पर्यटन विभाग ने प्राण प्रतिष्ठा के बाद अलौकिक आस्था का केन्द्र बनती जा रही अयोध्या के बारे में सम्पूर्ण इतिहास की जानकारी देने के लिए इन गाइडों को तैयार किया है। इन गाइडों को आमदनी भी होगी साथ ही दर्शनार्थियों को सुविधा भी होगी। उन्होंने प्रशिक्षित टूरिस्ट गाइडों को सफलता के लिए शुभाकामनाएं दी। इस अवसर पर निदेशक पर्यटनप्रखर मिश्र तथा उपनिदेशक मुख्यालय कल्याण सिंह समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# हज यात्रियों को प्रथम किस्त जमा करने की तिथि बढ़ाकर 15 फरवरी, 2024 की गयी

लखनऊ (आरएनएस)। हज कमेटी आफ इण्डिया द्वारा सकुर्लर 09 फरवरी, 2024 जारी किया गया है जिसमें हज–2024 के चयनित हज यात्रियों को अपनी प्रथम किस्त रु 81,800रु–जमा करने की तिथि 09 फरवरी, 2024 से बढ़ाकर 15 फरवरी, 2024 कर दी गयी है। रु 81,800रु–की पे–इन–स्लिपध्ऑनलाइन रसीद, मूल अन्तर्राष्ट्रीय पासपोर्ट मेडिकल एण्ड फिटनेस सर्टिफिकेट, हज आवेदन फार्म व घोषणा पत्र उ0प्र0 राज्य हज समिति में जमा करने की अन्तिम तिथि 19 फरवरी, 2024 निर्धारित की गयी है। बैंक रेफरेंस नम्बर प्रत्येक कवर हेड के मोबाइल नम्बर पर एस.एम.एस द्वारा भेजा गया है। प्रत्येक कवर के लॉग–इन आई0डी पर आवेदन फार्म, डाउनलोड करने की सुविधा दी गयी है। मेडिकल एण्ड फिटनेस सर्टिफिकेट, पे–इन–स्लिप आदि वेबसाइट डाउनलोड की सुविधा उपलब्ध है।यह जानकारी आज यहां उ0प्र0 राज्य हज कमेटी के सचिव–कार्यपालक अधिकारी एस0पी0 तिवारी ने दी। उन्होंने बताया कि चयनित हज यात्रियों को धनराशि ऑनलाइन अपने लॉग–इन आई0डी0 से क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, नेट बैंकिंग यू0पी0आई के माध्यम से जमा करने की सुविधा दी गयी है। धनराशि हज कमेटी आफ इण्डिया के स्टेट बैंक आफ इण्डिया व यूनियन बैंक आफ इण्डिया के खाते में भी जमा कर सकते हैं, जिसमें प्रत्येक कवर को जारी बैंक रेफरेंस नम्बर अंकित करना होगा। मेडिकल एण्ड फिटनेस सर्टिफिकेट सरकारी एलोपैथिक पद्धति के चिकित्सक द्वारा मान्य होगा। इस सम्बन्ध में समस्त जनपदों के जिलाधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी व मुख्य चिकित्साधिकारी को हज यात्रियों को जिला स्तर पर ही सुविधा उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं। अन्य किस्तें हवाई जहाज का किराया निर्धारित होने पर सूचित किया जायेगा। हज यात्रियों को अपने प्रपत्र डाक अथवा दस्ती उ0प्र0 राज्य हज समिति के पते मौलाना अली मियां मेमोरियल हज हाउस, सरोजनीनगर, लखनऊ पर भेजनाध्जमा कराना होगा।

# कव्वाली के जश्न में झूम उठे संगीतप्रेमी

– उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी की ओर से हुआ कार्यक्रम

लखनऊ,(आरएनएस)। संत गाडगे ऑडिटोरियम में उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी की ओर से कव्वाली की शानदार शाम सजी। कार्यक्रम में शिवम मिश्रा और पार्टी कलाकारों ने तरह–तरह की कव्वालियां सुनाकर दर्शकों को खूब प्रभावित किया। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी के सचिव आदिल हसन ने बताया कि उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी निरंतर उत्तर प्रदेश सरकार की नीतियों और योजनाओं को उर्दू भाषा के जरिए प्रचारित एवं प्रसारित करती रही है स अकादमी लगातार सेमिनार, ड्रामा, कव्वाली, गजल और अन्य कार्यक्रम कर सरकार की नीतियों का भी प्रसार करती रहती है । इस अवसर पर उत्तर प्रदेश आर्टिस्ट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि हमारी संस्था निरंतर उर्दू भाषा को ड्रामा कव्वाली व गजल के जरिए रूबरू करा रहे हैं। वामिक खान ने बताया कि कव्वाली हमारे उत्तर प्रदेश की अनूठी परंपरा रही है। शिवम मिश्रा जैसे कलाकार जो कि उत्तर प्रदेश के हैं। वे हमारे उत्तर प्रदेश की संस्कृति एवं सभ्यता को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत कर रहे हैं स इस अवसर पर पूर्व सचिव एस रिजवान, संतोष मिश्रा, अब्दुल वहीद, जुबेर अहमद, मुर्तजा अली, प्रदीप तिवारी, ओम पटेल, मास अहमद, मोहम्मद आमिर, मुमताज अहमद, आरिफ खान, प्रिंस आर्य, सुफियान बाग, संतराम यादव, रईस अहमद, ज्ञानेश्वर शर्मा, एसपी सिंह सहित अन्य मौजूद हरे। कार्यक्रम में शिवम मिश्रा व उनके साथी कलाकारों ने कार्यक्रम का आगाज नुसरत फतेह अली खान का गाई गजल 'बीबा साडा दिल मोर दे३' से किया। इसके बाद उनकी ही चर्चित कव्वाली 'आफरीन३' और 'अर्जियां सारी३' सुनाकर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। लगातार एक के बाद शानदार कव्वालियों की प्रस्तुति में शिवम व साथी कलाकारों ने 'दमादम मस्त कलंदर३' 'सादगी..' 'पिया हाजी अली३' जैसी कव्वालियां सुनाकर खूब प्रभावित किया।

# उप मुख्यमंत्री दो पूर्व प्रधानमंत्री और कृषि वैज्ञानिक को भारत रत्न दिये जाने के निर्णय का किया स्वागत

लखनऊ (आरएनएस) । उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार द्वारा, किसानों के कल्याण हेतु आजीवन समर्पित रहने वाले जन नेता तथा किसानों के मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह ,देश की समृद्धि और वैश्विक विकास के लिए एक ठोस नींव रखने वाले प्रतिष्ठित विद्वान, पूर्व प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिम्हा राव तथा हरित क्रांति के जनक, भारतीय कृषि क्षेत्र को नई दिशा देने वाले कृषि वैज्ञानिक डॉ. एम.एस. स्वामीनाथन को भारत रत्न देने के शानदार निर्णय का स्वागत एवं अभिनंदन किया है और इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया है तथा देशवासियों को बधाई दी है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इस सर्वाच्च नागरिक सम्मान देने के निर्णय ने साबित कर दिया है कि सरकार का सबको स्थान–सबको सम्मान का नारा केवल नारा नहीं, इसको यथार्थ में धरातल पर उतारा गया है। इस सर्वाच्च नागरिक सम्मान देने के फैसले से प्रधानमन्त्री ने पूरे देश का दिल जीत लिया है।

# विश्व भारती पुरस्कार जबलपुर के प्रो0 रहसबिहारी द्विवेदी को दिया जायेगा

लखनऊ (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थानम द्वारा वर्ष 2022 के पुरस्कारों हेतु चयनित विद्वानों के नामों की घोषणा कर दी गयी है। वर्ष 2022 का ''विश्व भारती पुरस्कार'' जबलपुर के प्रो0 रहसबिहारी द्विवेदी को दिया जायेगा तथा महर्षि वाल्मीकि पुरस्कार अयोध्या के डा0 देवीसहाय पाण्डेय 'दीप' को दिया जायेगा। महर्षि व्यास पुरस्कार वाराणसी के प्रो0 आन्जनेय शास्त्री तथा महर्षि नारद पुरस्कार वाराणसी के प्रो0 गोपबन्धु को दिया जायेगा।

# पैसे मांगने के संदेश मिला हो तो तुरन्त एफआईआर दर्ज करायी जाय-प्रमुख सचिव एम. देवराज

लखनऊ (आरएनएस)। प्रमुख सचिव, व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता एम. देवराज ने बताया कि उनकी फोटो लगाकर व्हाट्सएप नम्बर +94787545704 से पैसे मांगे जा रहे है। उन्होंने लोगों से कहा है मेरी डीपी लगी व्हाट्सएप से इस तरह का कोई भी फर्जी संदेश मिला हो या प्राप्त हो तो तुरन्त एफआईआर दर्ज करायी जाय।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देकर किया किसानों का सम्मान-मंत्री नरेन्द्र कश्यप

लखनऊ (आरएनएस)। प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने पूर्व प्रधानमंत्री और किसानों के मसीहा कहे जाने वाले चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न की घोषणा करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया है। साथ ही उन्होंने कहा है कि ओबीसी समाज के लिए जो सोच और दावे करती है वह पूरे किए जाते हैं। चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न का पुरस्कार मिलना उनके समाज और किसानों के लिए बहुत ही खुशी और गौरव की बात है।

मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने कहा है कि जिस प्रकार से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहले पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी और अब चौधरी चरण सिंह के लिए यह घोषणा की है उससे यह स्पष्ट है कि यह सभी सम्मानित नेताओं की इज्जत करते हैं और उनकी भावनाओं का भी सम्मान किया जाता है।

उन्होंने कहा कि आज का यह दिन पश्चिम उत्तर प्रदेश के किसानों और ओबीसी वर्ग के लिए महत्वपूर्ण दिन बन गया है। चौधरी चरण सिंह के द्वारा किसानों और पश्चिम उत्तर प्रदेश के लिए जो समर्पण किया गया था आज उसका ही फल उन्हें भारत रत्न के रूप में मिला है।

# 'जयंत चौधरी का एनडीए में स्वागत, आरपीआई ने मेरठ रैली में की थी अपील'

लखनऊ (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह जी को देश के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से सम्मानित करने की घोषणा की। चौधरी चरण सिंह जी आजीवन किसानों के कल्याण के लिए समर्पित रहे। उन्होंने किसानों के जीवन में व्यापक बदलाव के लिए सदैव संघर्ष किया। ये बात आरपीआई के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष पवन कुमार गुप्ता ने कही। पवन कुमार गुप्ता ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी भारत के जनमानस के अंतर्मन को समझते हैं और जन आकांक्षाओं को सदैव पूरा करते हैं इसलिए आज वह देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री हैं।

# मंत्री के प्रयासों को मिली उड़ान, मऊ में बनेगा औद्योगिक संकुल

लखनऊ (आरएनएस)। मऊ का पुराना औद्योगिक संकुल जो कई दशकों से बंद पड़ा था। मंत्री ए.के. शर्मा के आग्रह और प्रयासों को प्रदेश सरकार द्वारा स्वीकार करने पर कई वर्षों से बंद पड़ी परदहा कॉटन मिल की 85 एकड़ जमीन पर औद्योगिक संकुल के विकास होगा इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री जी को धन्यवाद दिया है।मंत्री ने कहा कि यह मऊ जिले के लिए बहुत बड़ी खुशखबरी है कि, मऊ जिले की पहचान कही जाने वाली परदहा कॉटन मिल और स्वदेशी कॉटन मिल थी जो कि पहले की सरकारों की उपेक्षा का शिकार होकर कई वर्षों से बंद पड़ी थीं। परदहा कॉटन मिल की 85 एकड़ जमीन पर औद्योगिक संकुल के विकास के लिए कई महीनों से राज्य सरकार में विविध स्तर पर प्रयास किया गया। अब इसकी सारी औपचारिकता पूर्ण हो गई है। लगभग 48 करोड़ रुपये के खर्च से एक भव्य औद्योगिक पार्क (एमएसएमई क्लस्टर) बनाने की मंजूरी सरकार ने दे दी है। इस जमीन पर 8.5 करोड़ रुपये की देनदारी को भी सरकार ने माफ कर दिया है। मंत्री श्री शर्मा ने प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी का गुरूवार को इस पार्क का ऑनलाइन शिलान्यास करने के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया है। साथ ही एमएसएमई मंत्री एवं अधिकारीगण का भी धन्यवाद दिया है।

बता दें कि निकाय चुनाव 2023 के दौरान आयोजित जनसभा को संबोधित करने मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी मऊ पहुंचे थे। मंच से मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा जी ने आग्रह करते हुए कहा था कि 1960–70 के दशक में मऊ टेक्सटाइल और बुनाई का केंद्र हुआ करता था। समयांतर में 1959 में स्वदेशी कॉटन मिल की स्थापना हुई थी। उसी के आसपास परदहा में एक कताई मिल की भी शुरुआत हुई. जो कि पिछले कई वर्षों से बंद पड़ी है। इन दोनों कताई मीलों ने हजारों लोगों को रोजगार दिया था। वर्तमान में परदहा में लगभग 85 एकड़ जमीन थी जो आज अनुपयोगी पड़ी है। वहीँ स्वदेशी मिल के पास भी 25 एकड़ जमीन है। मंत्री ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि वर्ष 2005–2017 तक के समय की सरकारों की उपेक्षा से इन मिलों के साथ दुर्व्यवस्था की गई जिससे कि आज यह दोनों मिले बंद हैं। प्रदेश सरकार ने पहले अपने बजट में ही औद्योगिक केंद्र संकुल बनाने के लिए 100 करोड़ रुपए की व्यवस्था कर दी थी। वहीँ मंत्री परिषद् ने औद्योगिक इंडस्ट्रियल क्लस्टर बनाने का प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। प्रदेश में मीडियम स्मॉल और माइक्रो इंडस्ट्रीज लगाने के लिए जगह के बहुत डिमांड बढ़ने लगी है। ग्लोबल इन्वेस्टर समिट हुए करारों के बाद जमीन की उपलब्धता की बहुत डिमांड आई है। जिसके लिए मंत्री परिषद ने यह निर्णय लिया है कि राज्य में कई जगह ऐसी कताई मिली थी, जो इस समय पूरी तरीके से बंद हो चुकी है। मऊ जिले में इस प्रकार से दो मिले हैं। जिनका प्रस्ताव समावेश हुआ और मंजूरी भी मिली। मंत्री एके शर्मा के प्रयासों को मूर्त रूप देने के लिए चालू वित्तीय वर्ष 2023–24 में औद्योगिक आस्थान (एम०एस०एम०ई० क्लस्टर पार्क) योजनान्तर्गत उ०प्र० स्टेट स्पिनिंग कम्पनी लि० मऊ की निष्प्रयोज्य भूमि पर एम० एस०एम०ई० क्लस्टर पार्क विकसित किये जाने हेतु उप्र लघु उद्योग निगम को कार्यदायी संस्था नामित करते हुये प्रायोजना रचना एवं मूल्यांकन प्रभाग द्वारा प्रायोजना की आंकलित लागत रूपये 4769.18 लाख पर वित्तीय एवं प्रशासनिक अनुमोदन प्रदान किया है। योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 में प्राविधानित धनराशि रूपये 2500 लाख के सापेक्ष प्रथम किश्त के रूप में 14 करोड़ 20 लाख 61 हजार रूपये की स्वीकृति मा. राज्यपाल द्वारा प्रदान की गयी है। वहीँ प्रस्तावित निर्माण कार्य जल्द ही प्रारम्भ करने के साथ ही निर्माण कार्य समयबद्धता से कराया जायेगा तथा गुणवत्ता का विशेष रूप से ध्यान रखा जायेगा।

# आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधिक प्रशासन ने कोडीनयुक्त कफ सिरप का दुरूपयोग रोकने एवं अवैध बिक्री पर नियंत्रण किये जाने के निर्देश दिये

लखनऊ (आरएनएस) आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन अनीता सिंह ने कोडीनयुक्त कफ सिरप का दुरूपयोग रोकने एवं अवैध बिक्री पर नियंत्रण किये जाने के सम्बंध में समस्त सहायक आयुक्त (औषधि) एवं समस्त औषधि निरीक्षकों को निर्देशित किया हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के बाहर से क्रय–प्राप्त किये जा रहे कोडीनयुक्त कप सिरप–लिंक्टस की सूचना सम्बंधित फर्म–व्यक्ति द्वारा सम्बंधित औषधि निरीक्षक को साप्ताहिक रूप से प्रत्येक सोमवार को उपलब्ध करानी होगी। साथ ही विक्रेता फर्म द्वारा राज्य के बाहर जाने की दशा में क्रेता फर्म से उक्त औषधि का विक्रय विवरण प्राप्त करके सम्बंधित औषधि निरीक्षक को उपलब्ध कराया जायेगा। यदि क्रेता फर्म द्वारा विक्रय विवरण उपलब्ध नहीं कराया जाता है तो उस क्रेता को तब तक औषधियों का विक्रय नहीं किया जायेगा, जब तक कि वह पूर्व में क्रय किये गये कोडीनयुक्त कफ सिरप–लिंक्टस का विक्रय विवरण उपलब्ध नहीं करा देता। आयुक्त ने कहा कि विक्रेता द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि जिस फर्म को वह कोडीनयुक्त कप सिरप–लिंक्टस का विक्रय कर रहा है वह भौतिक रूप से अस्तित्व में है। उन्होंने कहा कि यदि जांच में यह पाया जाता है कि किसी भी विक्रेता द्वारा ऐसे फर्म को कोडीनयुक्त कप सिरप–लिंक्टस की विक्री की गयी है, जो भौतिक रूप से अस्तित्व में नहीं है अथवा नियमित रूप से संचालित नहीं की जा रही है तो विक्रेता फर्म के लाइसेंस को निरस्त करने की कार्यवाही की जायेगी। साथ ही साथ औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत नियमानुसार कार्यवाही भी की जायेगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को अपने–अपने कार्यक्षेत्र में स्थित औषधि विक्रेताओं को उक्त नियमों से अवगत कराते हुए निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये हैं।

# 11 जिलों के पंजीकृत और अमान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को आई.ई.एम.एस. पोर्टल का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया

लखनऊ (आरएनएस)। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा–निर्देशानुसार प्रत्येक पंजीकृत अमान्यता प्राप्त राजनैतिक दल को अपनी ऑडिट रिपोर्ट अंशदान रिपोर्ट एवं निर्वाचन में अभ्यर्थी खड़े करने पर उस निर्वाचन के लिये निर्वाचन व्यय विवरणी इंटीग्रेटेड इलेक्शन एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग सिस्टम पोर्टल पर आनलाइन फाइल किये जाने के संबंध में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शुक्रवार को सुधाकर महिला पी०जी० कालेज, खजुरी, पाण्डेयपुर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। आज के प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनपद वाराणसी, प्रयागराज, जौनपुर, आजमगढ़, गाजीपुर, भदोही, कौशाम्बी, मिर्जापुर, प्रतापगढ़, मऊ एवं सोनभद्र की 152 अमान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण हेतु बुलाया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिलाधिकारीध्जिला निर्वाचन अधिकारी एस. राजलिंगम द्वारा प्रतिभागियों को यह अवगत कराया गया कि आज का प्रशिक्षण आई०ई०एम०एस० पोर्टल का व्यवहारिक ज्ञान प्रदान किये जाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। उनके द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि उक्त कार्य हेतु मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ0प्र0 के लखनऊ स्थित कार्यालय में एक हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है ।प्रशिक्षण कार्यक्रम में अविनाश कुमार, प्रधान सचिव, भारत निर्वाचन आयोग तथा मुहम्मद अली, चार्टेड एकाउन्टेन्ट द्वारा व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया तथा प्रतिभागियों के जिज्ञासाओं का उत्तर दिया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में बिपिन कुमार उप जिला निर्वाचन अधिकारी, अरविन्द कुमार पाण्डेय सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी, दीपक चन्द नोडल अधिकारी आई०ई०एम०एस०(वित्त एवं लेखाधिकारी) एवं अरुण शुक्ला वरिष्ठ सहायक भी उपस्थित रहे।

# अब बरेली–प्रयागराज में भी सीटी स्कैन की सुविधा

लखनऊ (आरएनएस)। आमजन को निःशुल्क डायग्नोस्टिक्स सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुक्रवार को बरेली और प्रयागराज में सीटी स्कैन की सुविधा की शुरुआत की गई। एनेक्सी स्थित सभाकक्ष से डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने इन सेवाओं का ऑनलाइन शुभारंभ किया। उन्होंने कहा की प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को उच्च कोटि की स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सरकार की सर्वाच्च प्राथमिकता है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बताया कि बरेली के 300 शैय्या चिकित्सालय एवं प्रयागराज के मोतीलाल नेहरू मंडलीय चिकित्सालय में इन मशीनों को स्थापित किया गया है।

# नेशनल स्कूल बैण्ड कम्पटीशन में सी.एम.एस. की बालिका ब्रास बैण्ड टीम सम्मानित

लखनऊ, 9 फरवरी। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, कानपुर रोड कैम्पस की प्रतिभाशाली छात्राओं की ब्रास बैण्ड टीम ने दिल्ली में आयोजित नेशनल स्कूल बैण्ड कम्पटीशन में द्वितीय स्थान अर्जित कर लखनऊ का गौरव बढ़ाया है। इस उपलब्धि हेतु सी.एम.एस. बैण्ड टीम को 16,000 रूपये के नगद पुरस्कार से पुरष्कृत कर



सम्मानित किया गया। यह प्रतियोगिता 75वें गणतन्त्र दिवस कार्यक्रम के अन्तर्गत आयोजित हुई। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देश भर के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों की छात्र टीमों ने प्रतिभाग किया तथापि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. कानपुर रोड कैम्पस की प्रतिभाशाली छात्राओं ने ब्रास बैण्ड में शानदार प्रदर्शन कर अपनी अभूतपूर्व प्रतिभा का परचम लहराया है। क्षेत्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान अर्जित करने के उपलक्ष्य में सी.एम.एस. बालिकाओं को नेशनल लेविल पर प्रतिभा प्रदर्शन का अवसर मिला, जिन्होंने अपनी अभूतपूर्व प्रतिभा के दम पर राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। इस प्रकार की रचनात्मक व सृजनात्मक प्रतियोगिताओं के माध्यम से सी.एम.एस. अपने छात्रों की बहुमुखी प्रतिभा को निखारने एवं उन्हें जीवन में आगे ही आगे बढ़ने हेतु सदैव प्रोत्साहित करता रहता है। सी.एम.एस. प्रेसीडेन्ट व प्रबन्धक, प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने सी.एम.एस. बैण्ड टीम को बधाई दी है।

# दिव्यांग बच्चों हेतु बचपन डे केयर सेन्टर संचालित

**बचपन डे केयर सेन्टर में 03–07 वर्ष तक के दिव्यांग बच्चों का एडमिशन करा सकते है**

झांसी! दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा 03 से 07 वर्ष तक के श्रवणबाधित, दृष्टिबाधित एवं मानसिक मंदित बच्चों को शिक्षण प्रशिक्षण प्रदान किये जाने के उद्देश्य से जनपद झाँसी में बचपन डे केयर सेन्टर का संचालन किया जा रहा है। सेन्टर में दिव्यांग बच्चों को निःशुल्क शिक्षण–प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है, बच्चों को घर से विद्यालय तक लाने एवं वापस घर तक छोड़ने के लिए निःशुल्क वाहन की सुविधा उपलब्ध करायी जाती है। इसके अलावा सेन्टर में मध्यान्ह भोजन, शुद्ध पेयजल, खेलने के लिए मैदान, स्पीच थेरेपी, फिजियोथेरेपी, डांस एवं संगीत आदि की व्यवस्था उपलब्ध है। सेन्टर में दिव्यांग बच्चों को स्पेशल एजूकेटर के द्वारा शिक्षण–प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। सेन्टर में मनोरंजन के टेलीविजन एवं खेलकूद के संसाधन उपलब्ध है। दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण जैसे–कान की मशीन, व्हील चेयर, ब्रेल किट इत्यादि निःशुल्क प्रदान की जाती है जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया है कि झाँसी शहर की सीमा के अन्तर्गत निवासरत ऐसे अभिभावक जिनके 03 से 07 वर्ष के पुत्रीध्पुत्र दिव्यांग है वह बचपन डे केयर सेन्टर, मिशन कम्पाउण्ड, झाँसी में उपस्थित होकर अपने बच्चे का एडमिशन करा सकते है। सेन्टर में प्रवेश हेतु अधिकारी जानकारी के लिए मोबाईल नं0–9140158653, 9058934226 पर भी सम्पर्क कर सकते है।

# बीईओ स्वार को विद्यालयों के निरीक्षण में मिलीं घोर अनियमितताएं,सम्बन्धितों के खिलाफ की कार्रवाई

विजडम इंडिया,लईक सैफी टांडा जिला रामपुर।खण्ड शिक्षा अधिकारी स्वार विजय कुमार द्वारा क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति कम पाई जाने,कम नामांकन वाले विद्यालयों में बच्चों के निपुण न होने,विद्यालयों में शिक्षक,शिक्षा मित्रों के



अनुपस्थित पाए जाने सहित अन्य अव्यवस्था पाए जाने पर सम्बन्धितों के खिलाफ विभिन्न प्रकार की कार्रवाई की गई है।प्राथमिक विद्यालय तेलीपुरा के निरीक्षण में विद्यालय में 30 से कम नामांकन होने के बावजूद बच्चों की उपस्थिति कम पाई जाने के साथ ही बच्चे निपुण नहीं पाए गए।बीईओ द्वारा इंचार्ज प्रधानाध्यापक सचिन कुमार का वेतन रोकने की चेतावनी दी गई जबकि शिक्षामित्र राजिंद्र कौर दो दिन से अनुपस्थित पाई गई उनका मानदेय काटने की कार्रवाई की गई।

प्राथमिक विद्यालय रजपुरा टांडा के निरीक्षण में बच्चों की कम उपस्थिति एवं बच्चे निपुण न होने पर इंचार्ज प्रधान अध्यापिका के साथ–साथ समस्त स्टाफ का अग्रिम आदेश तक वेतन रोकने की चेतावनी जारी की गई।कंपोजिट विद्यालय लोहर्रा के निरीक्षण में सहायक अध्यापिका मणिका गहलोत के अनुपस्थित मिलने पर एक दिन का वेतन काटने तथा बच्चों की कम उपस्थिति एवं उनके निपुण न होने पर समस्त स्टॉफ रोकने की चेतावनी दी गयी।प्राथमिक विद्यालय सूरजपुर के निरीक्षण में शिक्षामित्र अनुपस्थित पाई गईं।उनका एक दिन का मानदेय काटने की संस्तुति की गई।प्राथमिक विद्यालय जालफ नगला के निरीक्षण में शिक्षामित्र अनुपस्थित मिलीं, उपस्थिति रजिस्टर में हस्ताक्षर थे जबकि मौके पर नदारद थीं।उनका भी मानदेय काटने की संस्तुति की गई।

प्राथमिक विद्यालय अलीपुर जागीर में भी शिक्षामित्र स्कूल से गैर हाजिर पाए गए शिकायत मिली कि वह अक्सर स्कूल से गायब रहते हैं। अग्रिम आदेशों तक उनका फरवरी माह का वेतन रोकने की कार्रवाई की गई।खंड शिक्षा अधिकारी विजय कुमार ने बताया कि निरीक्षण अभियान लगातार जारी रहेगा। दायित्वों के प्रति लापरवाही बरतने वाले प्रधानाध्यापक तथा शिक्षक एवं शिक्षामित्रों सहित समस्त स्टाफ के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

# झांसी में जल्द होगा ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन का प्रादेशिक पत्रकार सम्मेलन

झांसी!गरौठा कसवा के बजरंग धर्मशाला में ग्रामीण पत्रकार एसोशिएशन की तहसील इकाई गरौठा की मासिक बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्रामीण पत्रकार एसोशिएशन के जिला



अध्यक्ष अभिनंदन जैन व विशिष्ट अतिथि के रूप में संघ के संरक्षक वरिष्ठ पत्रकार बालादीन राठौर, राजेश परिहार व रामकुमार सिंह,मौजूद रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बुंदेला ने की संबोधन में कहा की पत्रकारों को मर्यादा व अनुशासन का पालन करते हुए निर्भीकता से तथ्यात्मक समाचार लिखना चाहिए ताकि मीडिया का जो उद्देश्य है उसका सही दिशा में संदेश जाए और हर जगह दबे कुचले लोगों को इसका लाभ मिल सके।उन्होंने कहा की वर्तमान में पत्रकारिता चुनौती भरा काम है इसके लिए शासन को लोकतंत्र की मजबूती के लिए पत्रकारों को उनकी सुरक्षा से लेकर उनकी विषम आर्थिक स्थिति देखते हुए शासन से मानदेय और पेंशन निर्धारित करना चाहिए। इस दौरान उन्होंने संगठन के विस्तार के अलावा भव्य स्तर पर 200 पेज की पत्रिका प्रकाशन होने के लिए गहरा मंथन किया और जल्द भव्य स्तर का ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन का पत्रकार सम्मेलन झांसी में आयोजित किए जाने के लिए रणनीति बनाई,जिसमें प्रदेश और केंद्र सरकार प्रतिनिधि के रूप में केंद्रीय मंत्री के साथ–साथ वरिष्ठ पत्रकार और हर क्षेत्र के जानकार लोगों को बुलाने के लिए कार्य योजना बनाई गई है।

# कब्रिस्तान में जुआ खेलने वाले लोगों के खिलाफ प्रार्थना पत्र दिया

झांसी! ऑल इंडिया मजलिस ए एतिहादुल मुस्लिमीन पार्टी के प्रदेश संयुक्त सचिव यूथ मोहम्मद फुरकान की अध्यक्षता में पुलिया नंबर 9 स्थित कब्रिस्तान में गिल्ली डंडा खेलने वाले तथा शराब पीने वाले और जुआ खेलने वाले लोगों के खिलाफ थाना प्रेम नगर प्रभारी जी को प्रार्थना पत्र दिया गया जिसमें इस प्रकार के लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की गई कब्रिस्तान में इस तरह की गतिविधियों से कब्रों को काफी नुकसान हो रहा था थाना प्रभारी ने आश्वासन दिया कि जल्द ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी इस मौके पर मौजूद रहे लकी अली अशरफ खान आसिफ खान समीर खान गब्बर भाई वह अन्य पार्टी के कार्यकर्ता आदि मौजूद रहे




# भारत के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने पर हर्ष व्यक्त

झांसी। राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश सचिव अशोक निरंजन ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह जी को भारत सरकार द्वारा भारत रत्न का ऐलान किए जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं द्वारा किसान नेता चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न किये जाने के एलान पर भारत के समस्त किसानों का सम्मान हुआ है।

इस अवसर पर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता अजय रावत, प्रदेश सचिव डॉ अनिल त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष मंगल सिंह उर्फ बबलू खंगार, युवा राष्ट्रीय लोकदल बुंदेलखंड अध्यक्ष नीरज पटेल, पूर्व कार्यवाहक जिला अध्यक्ष प्रदीप चौधरी ,पूर्व बुंदेलखंड अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ राकेश कुशवाहा, वरिष्ठ नेता ठाकुरदास अहिरवार, अतुल गुप्ता, गौरव चौधरी, अमित गुप्ता, वृंदावन कुशवाहा सहित आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




# रेलवे लाइन के दोनो तरफ दीवाल बनने से किसानों के आवागवन का रास्ता हुआ अवरुद्ध

झांसी । जन अधिकार पार्टी के मंडल उपाध्यक्ष आर डी फौजी के नेतृत्व में मंडल रेल प्रबंधक झांसी को एक प्रार्थना पत्र सौपा. जिसमें बताया कि ग्राम गोविंदपुर डेरा जिला दतिया मध्य प्रदेश के अंतर्गत ग्रामीणों के खेतों से झांसी ग्वालियर रेलवे लाइन निकली इसके दोनों तरफ रेल विभाग द्वारा दीवाल का निर्माण करा दिया गया. जिससे ग्रामवासी अपने–अपने खेतों में आवागमन नहीं हो पा रहा और अपनी खेती की देखभाल नहीं कर पा रहे उनकी फसल को आवारा पशुओं के द्वारा नुकसान पहुंचाया जा रहा है और गांव के स्कूली बच्चों का आवागमन भी बंद हो गया स जिससे ग्रामीण लोग बहुत परेशान हैं और दर–दर न्याय की गुहार लगा रहे हैं उन्होंने जिलाधिकारी दतिया को भी ज्ञापन दिया और मंडल रेल प्रबंधक झांसी को भी ज्ञापन दिया. ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि रास्ते को बंद न किया जाए और पानी के निकास के लिए बनाए गए अंडर पास से ही किसानों को निकलने का रास्ता दिया जाए , रास्ता बंद होने से किसानों को दस किलोमीटर का रास्ता तय करना पड़ेगा स इस अवसर पर

आर डी फौजी ,जनक सिंह फौजी ,इंजीनियर बिहारी लाल ,धान सिंह कुशवाहा फौजी, मेहरबान ,पवन ,दीपक, कमलेश ,राजेश ,सोवरन कुशवाहा , ह्रदेश,रमेश,कृष्णा ,उमाशंकर ,नरेंद्र, ओम प्रकाश ,सुनील ,गणेश ,फूल सिंह कुशवाहा सहित आदि ग्रामीण उपस्थित रहें।

# बंगरा चेलेंज कप का शुभारंभ किया गया

झांसी! गरौठा तहसील के ग्राम बंगरा में आज बंगरा चेलेंज कप का शुभारंभ छात्र सभा जिला



अध्यक्ष प्रज्ज्वल यादव द्वारा किया गया जिस मध्य में गरौथा तथा सिमर्धा के मध्य खेला गया जिसमें गरौता ने सिमरध्रा को एक जबरजस्त मुकाबले में 7 विकेट से रौंद दिया सिमरधा ने 10 ओवर्स में 72 रन बनाए वही गरौठा ने मात्र 8 ओवर में 3 विकेट खोकर मैच जीत लिया इस मौके मुन्ना यादव जानकी यादव सुरेश अहिरवार भज्जू अहिरवार एवम समस्त ग्राम वासी एवम समस्त क्षेत्रवासी मौजूद रहे

# जनपद के ४१ परीक्षा केदो पर १७८२१ परीक्षार्थी देंगे आरओ /एआरओ की परीक्षा

झांसी! जिलाधिकारी अविनाश कुमार की अध्यक्षता में



आज विकास भवन सभागार में समीक्षा अधिकारीध सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा के तैयारी व सकुशल सम्पन्न कराये जाने के संबंध में केंद्र व्यवस्थापको एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट व अन्य सभी संबंधितों के साथ बैठक आहुत की गई समीक्षा अधिकारी ध सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रा०)–2023 का आयोजन जनपद के कुल 41 परीक्षा केन्द्रों पर दिनांक 11 फरवरी 2024 (रविवार) को दो सत्रों में (पूर्वान्ह 09रू30 बजे से 11:30 बजे तक व अपरान्ह 02:30 बजे से 03:30 बजे तक) सम्पन्न होनी है। आरओ ध्एआरओ परीक्षा हेतु जनपद के 41 परीक्षा केंद्रों पर कुल 17821 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। परीक्षा को नकल विहीन एवं शुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए यथावश्यक सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर एक–एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात करते हुए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की उपस्थिति रहेगी बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी श्री अविनाश कुमार ने निर्देश दिए के रेलवे स्टेशन एवं बस स्टैंड पर हेल्प डेस्क स्थापित की जाए ताकि परीक्षा देने हेतु आने वाले परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र तक पहुँचने के लिए उचित मार्गदर्शन किया जा सके। उन्होंने परिवहन विभाग को भी निर्देशित किया की परीक्षार्थियों को किसी भी दशा में समस्या परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में समस्या न हो उसके लिए परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित की जाए उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग के समन्वय परवेक्षक श्री हरबीर सिंह ने निर्देश दिए कि समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट परीक्षा की तिथि 11 फरवरी 2024 (रविवार) को प्रथम एवं द्वितीय सत्र के गोपनीय शील्ड पैकेट प्राप्त करने के लिए कोषागार प्रातः 05रू30 बजे एवं दूसरी पाली हेतु 10रू30 बजे उपस्थित होंगे तथा गोपनीय सामग्री प्राप्त कर परीक्षा प्रारम्भ होने से 01रू30 घण्टे पहले परीक्षा सामग्री अपने सेक्टर के परीक्षा केन्द्रों पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में प्रधानाचार्यध केन्द्र व्यवस्थापक को नियमानुसार प्राप्त कराया जाना सुनिश्चित करेंगे

# विपक्षी गठबंधन मोह बंधन में फंसकर रह जाएगा

लेखक । अभिषेक शुक्ला भारतीय जनता पार्टी में बड़े अर्श के बाद एक ऐसा चेहरा उभरकर सामने आया जो पार्टी का नेतृत्व कर फिर से सत्ता में लाया साथ ही जहां पार्टी का स्तर शुन्य हो गया था ।उसे उभारकर शिखर तक पहुंचाया वह नाम है नरेंद्र दामोदर दास मोदी ये भारतीय जनता पार्टी से गुजरात के मुख्यमंत्री थें ।



इनके विकास कार्य की चर्चा की मिसाल सब दें रहें थे । विकास कार्य की चर्चा गुजरात समेत अन्य प्रदेशों में भी था। संगठन में अच्छी छबि होने से शीर्ष नेतृत्व ने लोकसभा चुनाव में मौका दिया। जिससे उन्होंने पुरे भारत में जनता की ह्रदय में जगह बनाने में कामयाब रहे और पार्टी के बनवास को खत्म करते हुए भारतीय जनता पार्टी की पूर्ण बहुमत से सरकार बनाई।भारत के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लिए इनकी लोकप्रियता लगातार शिखर की ओर अग्रसर है। इन्होंने अपने कार्य से ना ही भारत में लोगों का दिल जीता बल्कि विदेशों में भी अपने कार्य के माडल का लोहा मनवा रहे हैं। मोदी ने चुनाव लडने के लिए बाबा विश्वनाथ की नगरी को चुना जहां ऐतिहासिक तीर्थ स्थल होते हुए भी विकास नहीं हो सका था। बाबा के आशीर्वाद से इन्हें भारी मतों से विजय प्राप्त हुई। इन्होंने अपने क्षेत्र में अनेकों विकास किए बाबा विश्वनाथ का जिर्णोद्धार करा कर भव्य और सुंदर कारीडोर बना दिया है।जिसको देखने के लिए विदेशों तक से लोग आते हैं। स्वच्छता भारत मिशन चलाकर आदि मां गंगा को भी स्वच्छ बनाने में बहुत सराहनीय योगदान रहा है। बात करें इनकी विकास योजनाओं की तों जो इन्होंने अपने संकल्प पत्र में वादा किया था उसे जमीनी हकीकत में कर दिखाया। जैसे प्रधानमंत्री आवास योजनारू इसके तहत देश के गरीब और बेघर लोगों को अपना आवास बनवाने के लिए केंद्र सरकार की ओर से सहायता राशि दी जाती है इस राशि की मदद से गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले नागरिक, खुद का घर बनवाने में सक्षम हो पा रहे हैं।जनधन योजनारू इस योजना के तहत गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले लोग बैंकों में जीरो बैलेंस में अकाउंट खुलवा सकते हैं।जनधन बैंक खाते पर आमजन को चेक बुक, पासबुक, दुर्घटना बीमा के अलावा ओवरड्राफ्ट फैसिलिटी की सुविधा भी मिलती है. ओवरड्राफ्ट फैसिलिटी के तहत जनधन खाता धारक अपने अकाउंट में बैलेंस नहीं होने पर भी 10,000 रुपए तक की राशि निकाल सकते हैं।प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनारू देश के छोटे, लघु और सीमांत किसानों को खेती करने में आर्थिक मदद देने के लिए केंद्र सरकार पीएम किसान सम्मान निधि योजना चलाया। इस योजना के तहत केंद्र सरकार देश के किसानों को सालभर में 6000 रुपए की आर्थिक सहायता देती है ये पैसे 2–2 हजार की तीन किस्तों में सीधे किसान लाभार्थियों के बैंक खाते में ट्रांसफर होते हैं जो उन्हें खेती करने में बहुत मदद गार सिद्ध होता है।उज्ज्वला योजनारू मोदी सरकार ने देश की महिलाओं की जिंदगी में बदलाव के मकसद से मई 2016 में उज्ज्वला योजना की शुरुआत की थी।इस योजना के तहत बीपीएल कार्ड धारकों को मुफ्त गैस कनेक्शन दिया जाता है और सब्सिडी पर एक साल में 12 गैस सिलिंडर मिलते हैं सब्सिडी सीधे पात्र लाभार्थियों के बैंक खातों में जमा होती है इस योजना का लाभ जो गरीब परिवार कभी गैस को नहीं खरीद पा रहे थे उन्हें देकर मोदी सरकार ने इतिहास को कायम किया।

आयुष्मान भारत योजनारू देश के गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों के स्ध्वास्ध्थ्य का खयाल रखने के उद्देश्य से मोदी सरकार ने आयुष्मान भारत योजना चलाई है. इस स्ध्कीम में आयुष्मान कार्ड धारकों को 5 लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिलती है दवाई की लागत, चिकित्सा आदि का खर्च सरकार वहन करती है।प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजनारू मोदी सरकार ने इस योजना की शुरुआत मार्च 2020 में की थी कोरोना महामारी के चलते लॉकडाउन के दौरान इस स्ध्कीम को शुरू करके 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज उपलब्ध कराया गया था।ऐसी तमाम योजनाएं मोदी सरकार द्वारा गरीबों को दी जा रही है।इनकी बढ़ती लोकप्रियता से विपक्ष भलीभांति अवगत हैं। इन्हें रोकने के लिए तमाम हथकंडे अपना रहे हैं फिरध अभी तक सफल नहीं हुए।मोदी सरकार ने ऐसे बड़े बड़े काम किए गए जो आजादी के बाद से किसी भी पार्टी ने नहीं किए थे। 5 अगस्त 2019 को मोदी सरकार ने जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 के प्रभाव को खत्म कर दिया । इनके इस कदम से शत्रु देंश बौखला उठा है। कश्मीर में आतंकवादी को पनाह देने वाले और हमारे वीर सैनिकों पर पत्थरबाजी करने वाले अब आखध्री सांस को गिन रहें। आतंकवादी संगठन का धीरे धीरे खात्मा हो रहा है राम मंदिर एक बड़ा मुद्दा था जिसे इनके नेतृत्व में ही समाप्त कर दिया राम लला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में प्रधानमंत्री ने निष्ठा पूर्वक भांग लिया। इस अवसर पर विपक्षी नेताओं को भी निमंत्रण दिया गया था ।लेकिन उन्होंने इस निमंत्रण को स्वीकार नहीं किया क्योंकि वें अपने वोट बैंक को सुरक्षित रखना चाहते थे। जिससे हमारे मुस्लिम वोटर नाराज न हो। प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर उमड़ी भीड़ के साथ पुरे भारत का राममय हों जाने से विपक्षी खेमे में हलचल सी मंच गई है । मोदी सरकार को तीसरी बार आने से रोकने के लिए तमाम पार्टियां गठबंधन कर रही है। लेकिन अभी तक उनका गठजोड़ नहीं हो पा रहा है हाल ही बिहार की राजनीति में उत्तल पुतल नजर आया। जहां नीतीश फिर से एनडीए गठबंधन से सरकार बनाएं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है की विपक्षी गठबंधन मोह के बंधन में ही रह जाएगा।जो फिर से नरेंद्र मोदी को 2024मे पूर्ण बहुमत से लोकसभा चुनाव में सफलता की हैट्रिक लगाने में विपक्षी दल रोकने में नाकाम रहेंगे और तीसरी बार नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्रीध की शपथ लेंगे।

# इरान के सुप्रीम लीडर का फेसबुक, इंस्टाग्राम अकाउंट सस्पेंड, मेटा ने बताई ये वजह



समाचार वेबसाइट अल बवाबा की रिपोर्ट के अनुसार, मेटा के अनुसार खामेनेई के फेसबुक और इंस्टाग्राम अकाउंट कथित तौर पर एक नेटवर्क का हिस्सा थे जो अप्रमाणिक गतिविधि ा और लोगों को गुमराह करने में लगे हुए थे कि वे कौन हैं और क्या कर रहे हैं। फेसबुक और इंस्टाग्राम की मूल कंपनी मेटा ने गुरुवार (8 फरवरी) को कहा कि उसने सोशल मीडिया संगठन की सामग्री नीति का उल्लंघन करने के लिए ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के खातों पर प्रतिबंध लगा दिया है। मेटा प्रवक्ता ने समाचार एजेंसी एएफपी को बताया कि हमने हमारी खतरनाक संगठनों और व्यक्तियों की नीति का बार–बार उल्लंघन करने के लिए इन खातों को हटा दिया है। समाचार वेबसाइट अल बवाबा की रिपोर्ट के अनुसार, मेटा के अनुसार खामेनेई के फेसबुक और इंस्टाग्राम अकाउंट कथित तौर पर एक नेटवर्क का हिस्सा थे जो अप्रमाणिक गतिविधि ा और लोगों को गुमराह करने में लगे हुए थे कि वे कौन हैं और क्या कर रहे हैं। अयातुल्ला अली खामेनेई का इंस्टाग्राम अकाउंट खोलने पर, स्क्रीन पर यह पेज उपलब्ध नहीं है संदेश पॉप अप हो रहा है। अल बवाबा की रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि मेटा ने कथित तौर पर उक्त ईरानी नेटवर्क से जुड़े 200 फेसबुक और 125 इंस्टाग्राम अकाउंट, नौ समूहों और 29 पेजों को हटा दिया है। हालाँकि मेटा ने इजराइल–हमास युद्ध का उल्लेख नहीं किया है, लेकिन ईरान द्वारा समर्थित फिलिस्तीनी समूह द्वारा 7 अक्टूबर के हमले के बाद से प्रौद्योगिकी समूह पर ईरान के सर्वोच्च नेता पर प्रतिबंध लगाने का दबाव है। मेटा की नीति, जिस पर निर्णय आध ाारित था, कहती है कि ऐसे संगठन या व्यक्ति जो षहिंसक मिशन की घोषणा करते हैं या हमारे प्लेटफार्मों पर उपस्थिति के लिए हिंसा में लगे हुए हैं को रोकने के प्रयास में फर्म के सोशल मीडिया पोर्टल पर अनुमति नहीं दी जाती है। और वास्तविक दुनिया को होने वाले नुकसान को बाधित करें।

नीति में आगे कहा गया है कि मेटा विभिन्न खतरनाक संगठनों और व्यक्तियों के महिमामंडन, समर्थन और प्रतिनिधित्व को हटा देगा। ईरान इजराइल के खिलाफ हमास के हमले की सराहना करने वाले पहले देशों में से एक था, जिसमें 1,000 से अधिक लोग मारे गए थे और 200 से अधिक लोगों को गाजा पट्टी में बंधक बना लिया गया था। देश में 35 वर्षों तक सत्ता में रहने वाले खामेनेई ने अपने लाखों अनुयायियों के सामने हत्याओं की प्रशंसा की और टूटी–फूटी हिब्रू में इजरायलियों को ट्वीट करते हुए लिखा, आपने यह विपत्ति अपने ऊपर ला दी है।

# नवाज शरीफ की बेटी मरियम और भाई शहबाज हारे या जीते ? पाकिस्तान में क्या बनेगी गठबंधन सरकार





ईसीपी द्वारा घोषित अनंतिम परिणामों के अनुसार, पीएमएल–एन नेता मरियम नवाज ने 83,855 वोटों के साथ लाहौर में एनए–119 सीट जीती है। यह पहली एनए सीट है जिसे उन्होंने जीता है। पाकिस्तान में हिंसा और इंटरनेट बंद होने के कारण हुए मतदान के एक दिन बाद वोटों की गिनती जारी है। पाकिस्तान ने गुरुवार को अपनी नई सरकार चुनने के लिए मतदान किया। जियोटीवी की रिपोर्ट के अनुसार, इमरान खान की पार्टी समर्थित उम्मीदवार बढ़त बनाए हुए हैं, जबकि नवाज शरीफ के सहयोगी इशाक डार ने कहा कि उनकी पार्टी स्वतंत्र विजेताओं के साथ गठबंधन सरकार बनाएगी। साथ ही इशाक डार ने कहा कि निर्दलीय उम्मीदवार नवाज शरीफ की पार्टी के संपर्क में हैं। पूर्व वित्त मंत्री ने शुक्रवार को जियो न्यूज से बात करते हुए कहा कि निर्दलियों ने हमसे संपर्क किया है, और वे संविध ाान के अनुसार अगले 72 घंटों में किसी भी पार्टी में शामिल हो जाएंगे। ईसीपी द्वारा घोषित अनंतिम परिणामों के अनुसार, पीएमएल–एन नेता मरियम नवाज ने 83,855 वोटों के साथ लाहौर में एनए–119 सीट जीती है। यह पहली एनए सीट है जिसे उन्होंने जीता है। पीटीआई समर्थित शहजाद फारूक 68,376 वोटों के साथ दूसरे स्थान पर रहे। प्रधानमंत्री और पीएमएलए चीफ शाहबाज शरीफ ने भी लाहौर की एनए–123 सीट से जीत दर्ज की है। मुकाबले में प्रमुख राजनीतिक दल पाकिस्तान मुस्लिम लीग–नवाज (पीएमएलएन) हैं, जिसका नेतृत्व पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ कर रहे हैं। 2013 में स्पष्ट बहुमत के साथ तीसरी बार सत्ता में आई पार्टी एक और जीत हासिल करना चाह रही है। जेल में बंद इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ (पीटीआई), और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी), जिसका नेतृत्व दिवंगत नेता बेनजीर भुट्टो के बेटे बिलावल भुट्टो कर रहे हैं।

# आएंगे तो शरीफ ही..पाकिस्तान में क्यों तेज है ये चर्चा, कौन सा बड़ा फैसला लेने वाले हैं शहबाज





पाकिस्तान में इस बात की चर्चा तेज होते ही वोट डाल कर निकले नवाज शरीफ से जब मिली जुली सरकार को लेकर सवाल कर लिया गया। जवाब मियां नवाज की बेचौनी को बयान कर रहा था।धमाकों, आरोपों और सलाखों के साए में किसी तरह पाकिस्तान के चुनाव निपट ही गए। अब पाकिस्तान में तो शर है कि आएंगे तो शरीफ ही। सबसे ज्यादा हवा सेना का आशीर्वाद पाए नवाज शरीफ की है। जिन्हें पाकिस्तान के ज्यादातर विशेषज्ञ नया प्रधानमंत्री मान रहे हैं। लेकिन इस बीच पूर्व प्रध ाानमंत्री और नवाज शरीफ के छोटे भाई शहबाज शरीफ के एक बयान ने पाकिस्तान के चुनाव में असमंजस पैदा कर दिया है। सवाल खड़े हो रहे हैं कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ बनेंगे या फिर नवाज शरीफ। शहबाज शरीफ कौन सा बड़ा फैसला लेने की बात कर रहे हैं। अगर पाकिस्तान मुस्लिम लीग एन को बहुमत नहीं मिलता तो शहबाज शरीफ को प्रधानमंत्री का प्लान तैयार है। ऐसा दावा किया जा रहा है कि पाकिस्तान में पीएमएलएन को बहुमत नहीं मिलता है तो शहबाज शरीफ भी प्रधानमंत्री बनाए जा सकते हैं। इमरान खान को सत्ता से हटाने वाले गठबंधन पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट में शामिल पार्टियां इस गठबंधन में फिर से मिल सकती है। लेकिन इस गठबंधन के मुखिया बिलावल भुट्टो जरदारी नवाज शरीफ के विरोध में हैं। ऐसे में शहबाज शरीफ के नाम पर गठबंधन में सरकार बन सकती है और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी इसके संकेत भी दे चुकी है। ऐसे में देखना होगा कि प्रचार के दौरान बार बार पाकिस्तान मुस्लिम लीग के साथ न जाने का दावा करने वाले बिलावल पिघल सकते हैं। शहबाज शरीफ के बयान के बाद बिलावल भुट्टो से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी को ज्यादा सीटें मिली तो प्रधानमंत्री वो बनेंगे। अगर पीएमएलएन को ज्यादा सीटें मिली तो वो खुद तय कर लेंगे। पाकिस्तान में इस बात की चर्चा तेज होते ही वोट डाल कर निकले नवाज शरीफ से जब मिली जुली सरकार को लेकर सवाल कर लिया गया। जवाब मियां नवाज की बेचौनी को बयान कर रहा था।

# जिसके लिए मोदी ने मुड़वाया था प्लेन, उसने लाहौर सीट 55,000 से अधिक वोटों से जीता



पाकिस्तान के पूर्व प्रधान मंत्री नवाज शरीफ ने लाहौर में यास्मीन राशिद के खिलाफ 55,000 से अधिक वोटों से जीत हासिल की। इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ ने शुक्रवार को कहा कि अभूतपूर्व मतदान ने पूरी व्यवस्था को स्तब्ध कर दिया है और चुनाव परिणामों को बदलनेष्के प्रयास किए जा रहे हैं। 24 दिसंबर 2015 की रात, जब पाकिस्तान के 21 करोड़ लोग सोए तो उन्हें भनक तक नहीं थी कि अगले दिन पड़ोस से अचानक एक मेहमान आएगा, जिससे पूरी दुनिया की निगाहें उनके मुल्क पर टिक जाएंगी। 25 दिसंबर को शाम 4 बजकर 20 मिनट पर लाहौर के अल्लामा इकबाल एयरपोर्ट पर भारतीय वायुसेना का बोइंग 737 विमान लैंड करता है। इसमें भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी थे। ऐसा मौका 10 साल बाद आया था, जब पाकिस्तान की सरजमीं पर भारत का प्रध ाानमंत्री पहुंचा था। उन्हें रिसीव करने के लिए सारे प्रोटोकॉल तोड़ खुद तत्कालीन प्रधानमंत्री नवाज शरीफ एयरपोर्ट पहुंचे। इस दिन उनका जन्मदिन भी था। इसके नौ साल बाद पाकिस्तान में हिंसा और इंटरनेट बंद होने के कारण हुए मतदान के एक दिन बाद वोटों की गिनती जारी है। पाकिस्तान ने गुरुवार को अपनी नई सरकार चुनने के लिए मतदान किया। तीन सीटें दिवंगत प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो के बेटे बिलावल भुट्टो जरदारी की पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी ने ले लीं। 12 करोड़ से अधिक मतदाताओं को वोट डालने में सक्षम बनाने के लिए देशव्यापी सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया था। मतदान के बाद वोटों की गिनती शुरू हुई और अनिवार्य एक घंटे का प्रतिबंध समाप्त होने के बाद अलग–अलग मतदान केंद्रों से नतीजे आने शुरू हो गए।

पाकिस्तान के पूर्व प्रधान मंत्री नवाज शरीफ ने लाहौर में यास्मीन राशिद के खिलाफ 55,000 से अधिक वोटों से जीत हासिल की। इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ ने शुक्रवार को कहा कि अभूतपूर्व मतदान ने पूरी व्यवस्था को स्तब्ध कर दिया है और चुनाव परिणामों को बदलनेष्के प्रयास किए जा रहे हैं। खान की पीटीआई ने आरोप लगाया कि पार्टी की ऐतिहासिक जीत के डर से अब चुनाव परिणाम रोके जा रहे हैं। पार्टी ने शुक्रवार को एक्स पर पोस्ट किया, तहरीक–ए–इंसाफ के समर्थकों ने ऐतिहासिक मतदान से पूरे सिस्टम को हैरान और चिंतित कर दिया है, तहरीक–ए–इंसाफ की ऐतिहासिक जीत के डर से अब परिणाम रोक रहे हैं और फॉर्म 45 में बदलाव कर रहे हैं।

संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंटोनियो गुटेरेस ने शुक्रवार को राजनीतिक नेताओं और समाज के वर्गों से शांत माहौल बनाए रखने का आग्रह किया क्योंकि चुनाव के नतीजे सामने आ रहे हैं।

एसोसिएटेड प्रेस ऑफ पाकिस्तान को दिए एक बयान में महासचिव ने कहा कि जैसा कि पाकिस्तान चुनाव के नतीजों का इंतजार कर रहा है, मैं सभी राजनीतिक नेताओं और समाज के वर्गों को शांत माहौल बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित करता हूं।

# इमारान खान के कौंडिडेट ने मुंबई हमले के मास्टरमाइंड हाफिज सईद के बेटे को दी पटखनी, तल्हा सईद को मिला महज 2,042 वोट





एजेंसी।

पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ (पीटीआई) पार्टी ने पीएमएल–एन के सर्वोच्च नेता नवाज शरीफ से भी हार स्वीकार करने के लिए कहा, जो जीतने के प्रबल दावेदार थे क्योंकि उन्हें शक्तिशाली सेना का समर्थन प्राप्त था। मुंबई हमलों के मास्टरमाइंड हाफिज सईद का बेटा तल्हा हाफिज सईद लाहौर में अपनी सीट हार गया। इस बीच, जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रध ाानमंत्री इमरान खान की पार्टी ने आम चुनाव में जीत का दावा किया और आरोप लगाया कि नतीजों में गड़बड़ी करने के लिए नतीजों में देरी की जा रही है।एक बयान में पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ (पीटीआई) पार्टी ने पीएमएल–एन के सर्वोच्च नेता नवाज शरीफ से भी हार स्वीकार करने के लिए कहा, जो जीतने के प्रबल दावेदार थे क्योंकि उन्हें शक्तिशाली सेना का समर्थन प्राप्त था। नागरिकों को ज्यादातर मालिकाना स्रोतों के आधार पर अनौपचारिक, अस्थायी परिणाम प्रसारित करने वाले विभिन्न निजी टेलीविजन चौनलों पर निर्भर रहना पड़ता था। इससे पहले दिन में, युवा और बुजुर्ग मतदाता, अपने नागरिक कर्तव्य का निर्वहन करने के लिए उत्सुक होकर, चुनाव के लिए नामित 90,000 मतदान केंद्रों के बाहर सुबह 8 बजे से पहले ही कतार में लगना शुरू कर दिए थे। दिन के दौरान और भी कई लोग सामने आएंगे। देश के इतिहास में सबसे बड़ेश चुनाव के रूप में वर्णित चुनाव में 128 मिलियन से अधिक लोग मताधिकार के अधिकार का प्रयोग करने के पात्र थे। घटनाक्रम एक अप्रत्याशित मोड़ लेने की ओर अग्रसर दिखाई दे रहा है, इस चुनाव में अग्रणी दावेदार पीएमएल–एन चुप है और उसके नेता कहीं नजर नहीं आ रहे हैं, जबकि टीवी चौनलों पर अधिकांश सीटों पर स्वतंत्र उम्मीदवारों को आगे दिखाया जा रहा है। हालाँकि, मीडिया से बात करने वाले मतदाता आम तौर पर इस बात को लेकर सकारात्मक थे कि उनकी पसंद मायने रखेगी। गुरुवार रात की स्थिति काफी हद तक 2018 के आम चुनाव के समान लग रही थी, जब ईसीपी के परिणाम ट्रांसमिशन सिस्टम (आरटीएस) की कुख्यात विफलता के कारण मतदान समाप्ति के बाद परिणामों की रिपोर्टिंग में इसी तरह की रुकावट आई थी।

# पाकिस्तान में चुनाव खत्म, गृह युद्ध शुरू, फिर पैदा हो रहे 1970 वाले हालात ?



कहा जा रहा है कि क्या पाकिस्तान में नतीजे आने के बाद गृह युद्ध शुरू हो जाएगा। क्या पाकिस्तान में वैसी ही हिंसा की आग देखने को मिलेगी जैसी 9 मई 2023 को इमरान की गिरफ्तारी के बाद रावलपिंडी से इस्लामाबाद तक देखने को मिली थी। पाकिस्तान ने 8 फरवरी को अपनी नई सरकार चुनने के लिए मतदान किया। मतदान सुबह आठ बजे शुरू हुआ और शाम पांच बजे तक बिना किसी रुकावट के जारी रहा। 12 करोड़ से अधिक मतदाताओं को वोट डालने में सक्षम बनाने के लिए देशव्यापी सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया था। मतदान समाप्त होने के बाद वोटों की गिनती शुरू हुई और अनिवार्य एक घंटे का प्रतिबंध समाप्त होने के बाद मतदान केंद्रों से नतीजों का इंतजार सभी राजनीतिक पार्टियों को है।रुझान आने शुरू होते ही इमरान खान की पार्टी पीटीआई समर्थित उम्मीदवारों ने जीत का दावा किया है। उन्होंने मतदान केंद्रों में धांध ाली और जानबूझकर नतीजों को रोकने का भी आरोप लगाया है। इसके साथ ही कहा जा रहा है कि क्या पाकिस्तान में नतीजे आने के बाद गृह युद्ध शुरू हो जाएगा। क्या पाकिस्तान में वैसी ही हिंसा की आग देखने को मिलेगी जैसी 9 मई 2023 को इमरान की गिरफ्तारी के बाद रावलपिंडी से इस्लामाबाद तक देखने को मिली थी। जो ध ामाके पाकिस्तान में चुनाव से पहले हुए। उसकी तादाद चुनाव परिणाम आने के बाद बढ़ने वाली है। दुनिया की बड़ी एजेंसियों ने पाकिस्तान में चुनाव के बाद बड़ी उथल–पुथल की चेतावनी दी है। कहने के लिए पाकिस्तान में चुनाव 8 फरवरी को करवाया गया और 9 फरवरी को नतीजे जारी कर दिए जाएंगे। लेकिन सच्चाई ये है कि पाकिस्तान की नई सरकार का चुनाव तो जनरल मुनीर बहुत पहले कर चुके हैं। ये बात पाकिस्तान के साथ साथ दुनिया के तमाम मुल्कों को मालूम है। इसलिएचुनावी धांध ाली को लेकर चेतावनी भी दी गयी कि ऐसी सूरत में मुल्क में गृह युद्ध जैसी स्थिति बन सकती है। सेना की तैनाती पर सफाई इंटर सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने कहा है कि मतदान केंद्रों के बाहर तैनात सैनिक मतगणना प्रक्रिया के समापन तक सुरक्षा प्रदान करने के लिए हैं और उनका चुनाव प्रक्रिया से कोई लेना–देना नहीं है। एक प्रेस विज्ञप्ति में आईएसपीआर ने कहा कि केवल चुनाव कर्मचारी ही मतदान कार्यालयों के अंदर मतगणना प्रक्रिया जारी रख रहे हैं। इसमें कहा गया है कि जनता से प्रक्रिया पूरी होने तक सशस्त्र बलों के साथ पूर्ण सहयोग की उम्मीद की जाती है।

# सरकार बनाने की उम्मीद, पीटीआई ने कहा– नवाज अपनी हार कर लें स्वीकार



पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) शुक्रवार सुबह 4 बजे तक केवल तीन नतीजों की घोषणा कर सका। ईसीपी के अनुसार, फजल हकीम खान पीके–6 स्वात–प्ट पर 25,330 वोटों के साथ सफल रहेय समी उल्लाह पीके–76 पेशावर–वी पर 18,888 वोटों के साथ सफल रहेय और अली शाह च्ज्ञ–4 स्वात–प्प पर 30,022 वोटों के साथ सफल रहे। ये तीनों पीटीआई समर्थित स्वतंत्र उम्मीदवार थे। चुनावी प्रक्रिया में अंतर्निहित अविश्वास के बावजूद, लाखों लोग गुरुवार के लंबे समय से लंबित चुनावों में मतदान करने के लिए कतार में खड़े थे। हालाँकि, कुछ नतीजे देखने की मतदाताओं की उम्मीदें देर रात तक अधूरी रह गईं, पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) शुक्रवार सुबह 4 बजे तक केवल तीन नतीजों की घोषणा कर सका। ईसीपी के अनुसार, फजल हकीम खान पीके–6 स्वात–प्ट पर 25,330 वोटों के साथ सफल रहेय समी उल्लाह पीके–76 पेशावर–वी पर 18,888 वोटों के साथ सफल रहेय और अली शाह च्ज्ञ–4 स्वात–प्प पर 30,022 वोटों के साथ सफल रहे। ये तीनों पीटीआई समर्थित स्वतंत्र उम्मीदवार थे। जियो न्यूज ने पुलिस के हवाले से बताया कि पाकिस्तान मुस्लिम लीग–नवाज (पीएमएल–एन) के असंतुष्ट नेता डेनियल अजीज की पत्नी और बेटे को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पूर्व एमएनए मेहनाज अकबर अजीज की पत्नी और बेटे मिकल अजीज को जफरवाल में एक रिटर्निंग ऑफिसर (आरओ) कार्यालय से हिरासत में ले लिया गया। पीएमएल–एन के रफीक ने स्वीकारी हार पीएमएल–एन नेता ख्वाजा साद रफीक ने हार स्वीकार कर ली और लाहौर के एनए–122 निर्वाचन क्षेत्र में जीत पर पीटीआई समर्थित उम्मीदवार सरदार लतीफ खोसा को बधाई दी। इसे भी पढ़ेंरू प्दकपं–डलंदउंत के संबंध किस दिशा में जा रहे? पाकिस्तान चुनाव, कनाडा के आरोपों पर विदेश मंत्रालय ने क्या कहा ांतरिक मंत्रालय ने चुनाव परिणामों में देरी की समीक्षा की आंतरिक मंत्रालय ने कहा कि उसने चुनाव परिणामों के संकलन में देरी की समीक्षा की है। इसमें कहा गया है कि नतीजे आने में समय लगा क्योंकि मतदान कर्मचारियोंऔर मतपेटियों के लिए सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही थी, अब स्थिति संतोषजनक होने के कारण नतीजों में तेजी आने की उम्मीद है। मंत्रालय ने कहा कि संचार की कमी के कारण नतीजों में देरी हुई।

# पर्वतारोहियों को अपना मल उचित निपटान के लिए बेस कैंप में वापस लाना होगा– नेपाल



बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, पसांग ल्हामू ग्रामीण नगरपालिका, जिसके अधीन एवरेस्ट क्षेत्र के अधिकांश हिस्से आते हैं, ने दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर अपशिष्ट की समस्या से निपटने के लिए नया नियम बनाया है। माउंट एवरेस्ट पर बढ़ती पर्यावरणीय समस्याओं से निपटने के लिए नेपाल ने एक नए नियम की घोषणा की हैजिसके तहत पर्वतारोहियों को अपने मल को उचित निपटान के लिए बेस कैंप में वापस लाना होगा। बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी गई। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, पसांग ल्हामू ग्रामीण नगरपालिका, जिसके अधीन एवरेस्ट क्षेत्र के अधिकांश हिस्से आते हैं, ने दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर अपशिष्ट की समस्या से निपटने के लिए नया नियम बनाया है। रिपोर्ट में पसांग ल्हामू ग्रामीण नगरपालिका के अध्यक्ष मिंगमा शेरपा के हवाले से कहा गया है कि पहाड़ों से बदबू आने लगी है। मिंगमा ने कहा, ''हमें शिकायतें मिल रही हैं कि चट्टानों पर मानव मल नजर आ रहा है और कुछ पर्वतारोही बीमार पड़ रहे हैं। यह स्वीकार्य नहीं है, इससे हमारी छवि खराब होती है।

# सुनामी प्रभावित फुकुशिमा परमाणु संयंत्र से रेडियोधर्मी पानी का रिसाव

कंपनी ने कहा कि लगभग 5.5 मीट्रिक टन रेडियोधर्मी पानी का रिसाव हुआ है, लेकिन रेडियोधर्मी पानी संयंत्र परिसर से बाहर नहीं निकल सका है। इसने कहा कि रिसाव हुआ पानी कानूनी तौर पर छोड़े जाने योग्य सीमा से 10 गुना अधिक रेडियोधर्मी था। सुनामी प्रभावित फुकुशिमा–दाइची परमाणु ऊर्जा संयंत्र में एक शोधन मशीन से रेडियोधर्मी पानी का रिसाव हो गया। हालांकि, इसके चलते कोई घायल नहीं हुआ। संयंत्र के अधिकारियों ने यह जानकारी दी।उन्होंने बताया कि विकिरण की निगरानी से पता चला कि इस रिसाव का बाहरी वातावरण पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है।

# तीसरे टेस्ट से पहले टीम इंडिया को बड़ा झटका, सीरीज से बाहर हो सकते हैं श्रेयस अय्यर



श्रेयस अय्यर इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी तीन टेस्ट मैचों से बाहर हो सकते हैं। दरअसल, इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार अय्यर ने फॉरवर्ड डिफेंस खेलते समय पीठ में अकड़न और ग्रोइन पेन की शिकायत बनातई है। जिससे उनका आगामी टेस्ट मैचों में खेलने पर सस्पेंस है। भारतीय टीम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी तीन टेस्ट मैचों से बाहर हो सकते हैं। दरअसल, इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार अय्यर ने फॉरवर्ड डिफेंस खेलते समय पीठ में अकड़न और ग्रोइन पेन की शिकायत बनातई है। जिससे उनका आगामी टेस्ट मैचों में खेलने पर सस्पेंस है। दूसरे टेस्ट मैच के लिए पूरी टीम की प्लेइंग किट विशाखापट्टनम से सीधे राजकोट पहुंचा दी गई थी, जहां 15 फरवरी से भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरा टेस्ट मैच खेला जाना है। वहीं, अय्यर की किट को मुंबई में उनके घर भेज दिया गया था। सूत्रों ने कहा कि अय्यर को आगे के परीक्षणों के लिए बैंगलोर में राष्ट्रीय क्रिकेट एकेडमी भेजा जाएगा। लेकिन बल्लेबाज को अगले महीने इंडियन प्रीमियर लीग शुरू होने तक प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की उम्मीद है। पिछले साल पीठ की चोट के बाद अय्यर की सर्जरी हुई थी।

# उसे क्रिकेटर ना बनाया होता... पिता के बयान पर रविंद्र जडेजा का आया रिएक्शन, कहा- सब स्क्रिप्टेड है



दरअसल, जडेजा के पिता अनिरुद्ध सिंह का कहना है कि उनका बेटा अपनी पत्नी के कारण से परिवार से अलग हो गया है। हालांकि, कुछ ही घंटों बाद ही खुद रविंद्र जडेजा ने अपने पिता के बयान पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। जिसे उन्हें स्क्रिप्टेड बताया है। भारतीय टीम के स्टार ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा के पिता का बयान हाल ही में सामने आया है। जिसमें वह अपनी बहू और बीजेपी विधायक रीवाबा पर गंभीर आरोप लगा रहे हैं। दरअसल, जडेजा के पिता अनिरुद्ध सिंह का कहना है कि उनका बेटा अपनी पत्नी के कारण से परिवार से अलग हो गया है। हालांकि, कुछ ही घंटों बाद ही खुद रविंद्र जडेजा ने अपने पिता के बयान पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। जिसे उन्हें स्क्रिप्टेड बताया है। बता दें कि, रविंद्र जडेजा ने अपने पिता के बयान में कही सभी बातों को निरर्थक और झूठा बताया है। वहीं इस इंटरव्यू को स्क्रिप्टेड बताते हुए उन्होंने फैंस से इसे नजरअंदाज करने की भी अपील की है। जडेजा ने एक्स पर लिखा कि, आइए स्क्रिप्टेड इंटरव्यू में कही गई बातों को नजरअंदाज करें के कैप्शन के साथ एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें लिखा है कि, हल्मा दिव्या भास्करम के बेतुके इंटरव्यू में कही गई सभी बातें निरर्थक और झूठी हैं। एक तरफ कुछ कहना है, जिसे मैं नकारता हूं। मेरी पत्नी की छवि धूमिल करने का जो प्रयास किया जा रहा है वह वास्तव में निंदनीय एंव अशोभनीय है। मुझे भी बहुत कुछ कहना है जिसे मैं सार्वजनिक रूप से न कहूं तो बेहतर है। आपका धन्यवाद। गौरतलब है कि, जडेजा के पिता ने दैनिक भास्कर को दिए इंटरव्यू में कहा था, कि मैं आपको सच बताऊं, मेरा रवि या उसकी पत्नी रीवाबा से किसी तरह का संबंधा नहीं है। हम उन्हें नहीं बुलाते और वे हमें नहीं बुलाते। रवि की शादी के दो-तीन महीने बाद ही विवाद होने लगा था। फिलहाल मैं जामनगर में अकेला रहता हूं, रविंद्र अलग रहता है। पता नहीं पत्नी ने उस पर क्या जादू कर दिया है। मेरा बेटा है, दिल जलकर राख हो जाता है। उसकी शादी न की होती तो अच्छा होता। उसे क्रिकेटर ना बनाया होता तो अच्छा होता। हम इस हाल में नहीं होते। अनिरुद्ध सिंह जडेजा आगे बताते हैं कि, मैं आपको सच बता रहा हूं, शादी के तीन महीने बाद ही रीवाबा कहने लगीं कि सब कुछ मेरा होना चाहिए। मेरे नाम पर होना चाहिए। उन्होंने परिवार को परेशान करना शुरू कर दिया। वे परिवार नहीं चाहतीं, अकेले आजादी से रहना चाहती थीं। चलो मान लिया कि मैं बुरा हूं, रविंद्र की बहन नयनाबा भी खराब है, लेकिन परिवार में 50 लोग हैं, क्या सब बुरे हैं। ये बस उनकी नफरत है।

# फाइनल में आमने-सामने भारत और आस्ट्रेलिया, जानें हेड टू हेड रिकार्ड




अंडर-19 वर्ल्ड कप फाइनल में भारतीय टीम और ऑस्ट्रेलिया के बीच अब तक 2 बार टक्कर हुई है। दोनों ही बार भारत ने धमाकेदार अंदाज में जीत दर्ज की है। दोनों टीमों के बीच फाइनल में तीसरी बार टक्कर होगी। अंडर-19 वर्ल्ड कप 2024 सीजन अब फाइनल में एंट्री कर चुका है। ये टूर्नामेंट साउथ अफ्रीका की मेजबानी में खेला जा रहा है। वहीं इस टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में भारत और ऑस्ट्रेलिया 11 फरवरी को बेनोनी में टकराएंगे। भारतीय टीम ने अपने सेमीफाइनल मुकाबले में साउथ अफ्रीका टीम 2 विकेट से हराया था। तो पाकिस्तान को 1 विकेट से शिकस्त देकर कंगारू टीम फाइनल में जगह बना पाई है। लेकिन बता दें कि अंडर-19 वर्ल्ड कप फाइनल में भारतीय टीम और ऑस्ट्रेलिया के बीच अब तक 2 बार टक्कर हुई है। दोनों ही बार भारत ने धमाकेदार अंदाज में जीत दर्ज की है। दोनों टीमों के बीच फाइनल में तीसरी बार टक्कर होगी। अगर भारतीय टीम जीतती है तो ये उसकी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अंडर-19 वर्ल्ड कप फाइनल में जीत की हैट्रिक होगी। इससे पहले भारतीय टीम वर्ल्ड कप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को 2012 और 2018 में भी हरा चुकी है। पिछला वर्ल्ड कप 2022 खिताब भारत ने इंग्लैंड को हराकर जीता था।

इसके साथ ही भारतीय टीम अब तक सबसे ज्यादा 5 बार अंडर-19 वर्ल्ड कप खिताब अपने नाम कर चुकी है। जबकि 3 बार उसे फाइनल में हार मिली है। इस तरह भारतीय टीम अब 9वीं बार फाइनल में पहुंची है। भारतीय टीम ने ये वर्ल्ड कप खिताब 2000, 2008, 2012, 2018 और 2022 सीजन जीता है। जबकि दूसरी ओर ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 3 बार खिताब अपने नाम किया है। उसने ये खिताब 1998, 2002 और 2010 सीजन में जीते हैं। उसे फाइनल में दो बार हार का सामना करना पड़ा। ये दोनों ही बार भारतीय टीम ने कंगारूओं को शिकस्त दी थी।

# एबी डिविलियर्स ने जताया दुखा, कहा- मैंने कोहली की प्राइवेसी लीक कर दी मुझसे बड़ी गलती हो गई



एबी डिविलियर्स भारतीय स्टार क्रिकेटर विराट कोहली के बेहद खास दोस्त हैं। दोनों के बीच दोस्ती का बॉन्ड आईपीएल के दौरान बना। हाल ही में डिविलियर्स ने विराट कोहली के दूसरी बार पिता बनने की खबर अपने यूट्यूब चौनल के जरिए बताई थी। साउथ अफ्रीका के पूर्व दिग्गज क्रिकेटर एबी डिविलियर्स भारतीय स्टार क्रिकेटर विराट कोहली के बेहद खास दोस्त हैं। दोनों के बीच दोस्ती का बॉन्ड आईपीएल के दौरान बना। हाल ही में डिविलियर्स ने विराट कोहली के दूसरी बार पिता बनने की खबर अपने यूट्यूब चौनल के जरिए बताई थी। लेकिन अब डिविलियर्स ने कोहली की प्राइवेसी लीग को अपनी बहुत बड़ी गलती करार दिया है। बता दें कि, डिविलियर्स ने कुछ दिन पहले यूट्यूब चौनल पर विराट कोहली ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट से ब्रेक क्यों लिया इसको लेकर एक बड़ा खुलासा किया था। उन्होंने दावा किया था कि कोहली और अनुष्का शर्मा के घर दूसरा बच्चा जन्म लेने वाला है इसलिए वह अभी क्रिकेट से दूर हैं। साउथ अफ्रीका के इस दिग्गज बल्लेबाज ने आगे कहा कि, विराट को ब्रेक लेने का पूरा अधिकार है। परिवार सबसे पहले आता है और क्रिकेट बाद में, वे फैमली इमरजेंसी के कारण बाहर हैं। किसी को भी नहीं पता कि वे इस समय कहां हैं। दुनिया में विराट के जितने भी फैंस हैं वे उनके लिए बेस्ट विश करें। उनका ब्रेक लेने का कारण जो भी हो आशा है कि वह मजबूती से टीम में वापसी करेंगे।

# बाउचर के बयान पर रितिका के रिएक्शन से बढ़ी हार्दिक पंड्या की मुश्किल, क्यों जताई आकाश चोपड़ा ने आशंका



मुंबई इंडियंस के कोच मार्क बाउचर ने एक इंटरव्यू में इस बारे में बताया था कि क्योंकि टीम ने रोहित शर्मा से कप्तानी छीनकर हार्दिक पंड्या को नया कप्तान नियुक्त किया। इस पर रोहित शर्मा की पत्नी रितिका सजदेह ने कमेंट किया। जिसके बाद तो ये मामला और बढ़ गया है। वहीं अब इस मामले पर पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने कहा है कि हार्दिक पंड्या के लिए मुश्किल होने वाली है।

पिछले करीब दो-ढाई महीने से मुंबई इंडियंस की कप्तानी लगातार विवादों में है। वहीं इस पर मुंबई इंडियंस के कोच मार्क बाउचर ने एक इंटरव्यू में इस बारे में बताया था कि क्योंकि टीम ने रोहित शर्मा से कप्तानी छीनकर हार्दिक पंड्या को नया कप्तान नियुक्त किया। इस पर रोहित शर्मा की पत्नी रितिका सजदेह ने कमेंट किया। जिसके बाद तो ये मामला और बढ़ गया है। वहीं अब इस मामले पर पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने कहा है कि हार्दिक पंड्या के लिए मुश्किल होने वाली है। कि, आकाश चोपड़ा ने अपने यूट्यूब चौनल पर कहा कि, मैंने मार्क बाउचर का एक इंटरव्यू सुना, उसमें वह ये बताने की कोशिश कर रहे थे कि रोहित शर्मा को कप्तानी से क्यों हटाया और हार्दिक को क्यों कप्तान बनाया। वह निश्चित रूप से ये बताने की कोशिश कर रहे थे कि क्रिकेटिंग रीजन्स की वजह से उनको कप्तानी से हटाया गया है। एक तरह से टीम उनसे कप्तानी का बोझ हटाना चाहती ती क्योंकि वे एक अहम बल्लेबाज हैं। इसी पर आगे उन्होंने कहा कि, इस इंटव्यू पर रितिका ने कमेंट किया कि इसमें बहुत सारी चीजें गलत हैं। उनका ये कमेंट वायरल होना ही था लेकिन हम नहीं जानते कि क्या सही है और क्या गलत। मुझे हल्का सा डर है क्योंकि मुंबई इंडियंस के पास कागज पर एक बेहतरीन टीम है, लेकिन हार्दिक पंड्या पर सबसे बड़ा दबाव होगा। क्योंकि वो पांच उंगलियों को मिलाकर मुट्ठी बना सकते हैं या क्या वह पूरी टीम को एक दिशा में ले जा सकते हैं। गौरतलब है कि, रोहित शर्मा ने 2013 में मुंबई इंडियंस की कप्तानी संभाली थी। तब से अब तक वह टीम को 5 बार खिताब दिला चुके हैं। लेकिन मुंबई ने दो साल पहले टीम का साथ छोड़ चुके हार्दिक पंड्या पर भरोसा जताते हुए अपनी टीम में वापसी कराई है। साथ ही उन्हें रोहित शर्मा से कप्तानी छीनकर कप्तानी की कमान भी सौंपी। ऐसे में रोहित शर्मा के फैंस फ्रेंचाइजी से काफी नाराज हैं।

# वेस्टइंडीज के खिलाफ डेविड वार्नर ने मचाई तबाही, 70 रन जड़कर बनाया वर्ल्ड रिकार्ड



दरअसल, इंटरनेशनल क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में मैचों का शतक लगाने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट में वो तीसरे नंबर हैं। उनसे पहले विराट कोहली और न्यूजीलैंड के रोस टेलर ही ऐसे खिलाड़ी हैं। जिन्होंने तीनों फॉर्मेट में कम से कम 100 मैच खेले हैं। ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में एक नया रिकॉर्ड अपने नाम किया है। दरअसल, इंटरनेशनल क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में मैचों का शतक लगाने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट में वो तीसरे नंबर हैं। उनसे पहले विराट कोहली और न्यूजीलैंड के रोस टेलर ही ऐसे खिलाड़ी हैं। जिन्होंने तीनों फॉर्मेट में कम से कम 100 मैच खेले हैं। वॉर्नर ने 100 से ज्यादा टेस्ट और वनडे इंटरनेशनल मैच खेले हैं। बता दें कि, ऑस्ट्रेलिया बनाम वेस्टइंडीज के बीच तीन मैचों की टी20 इंटरनेशनल सीरीज के पहले मैच में वॉर्नर ने महज 36 गेंदों पर 70 रन ठोके। इस दौरान वॉर्नर ने 12 चौके और एक छक्का लगाया। वह दुनिया के पहले ऐसे खिलाड़ी बन गए हैं जिन्होंने अपने 100वें टेस्ट, 100वें वनडे और 100वें टी20 इंटरनेशनल मैच में 50 रन बनाए हैं। वॉर्नर ने अपना 100वां टेस्ट मैच साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेला था। तब वॉर्नर ने 255 गेंदों पर 200 रन बना डाले। इसके बाद 100वां वनडे इंटरनेशनल मैच उन्होंने भारत के खिलाफ खेला था, जिसमें वॉर्नर ने 110 गेंदों पर 124 रन बनाए थे। अपने 100वें टी20 इंटरनेशनल मैच में वॉर्नर ने 70 रन ठोक डाले। डेविड वॉर्नर टेस्ट और वनडे फॉर्मेटसे संन्यास का ऐलान कर चुके हैं, जबकि टी20 इंटरनेशनल फॉर्मेट में वह खेलना जारी रख रहे हैं। वॉर्नर को दुनिया के सबसे सफल सलामी बल्लेबाजों में शामिल किया जाता है, इसके अलावा तीनों फॉर्मेट में उन्होंने जिस तरह के रिकॉर्ड्स बनाए हैं। वे अविश्वसनीय हैं। ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 20 ओवर में सात विकेट पर 213 रन बनाए हैं। जोश इंग्लिस ने 25 गेंदों पर 39 रनों की पारी खेली। वहीं टिम डेविड ने 17 गेंदों पर नॉटआउट 37 रन जड़ डाले।

# योग या एक्सरसाइज करने के आधे घंटे बाद तक ना करें ये काम, नहाने का टाइम तो लिख के रख लीजिए



बीमारियों से बचना है योग करें, किसी तरह की दिक्कत है तो योग करें, मन अशांत है योग कर लें ऐसी तमाम बातें हम योग के बारे में पढ़ते और सुनते आए हैं. क्या आपने कभी सोचा है कि योग करने के भी कुछ नियम होते हैं, जिन्हें ना करने से आपको फायदे की जगह उल्टा नुकसान उठाना पड़ सकता है. योग करने वाले और योग शुरू करने वाले हर इंसान को इन बातों का पता होना चाहिए. आज के आर्टिकल में हम आपको योग से जुड़ी कुछ बातें बताने जा रहे हैं, जिन्हें आपको ध्यान में रख कर इसे अपनाना चाहिए.

योग अपनी लाइफ स्टाइल को बेहतर बनाने के लिए एक अच्छा कदम है और इसे निरंतर करते रहने से शरीर कई बीमारियों से मुक्त रहता है. वैसे तो योग करना कोई रॉकेट साइंस नहीं है इसे कोई भी कर सकता है लेकिन फिर भी योग को करने के लिए कुछ खास बातों का ध्यान रखना पड़ता है.क्योंकि छोटी से छोटी क्रिया करने के लिए भी कुछ तो नियम अपनाए जाते हैं.

क्या करें क्या ना करें

हम आपको योग के तुरंत पहले योग के दौरान और योग के तुरंत बाद क्या नहीं करना चाहिए ये सब बताएंगे. ये काम आपके योग से होने वाले फायदों को कम कर देते हैं और आपकी अच्छी हेल्थ बनने में रुकावट का काम करते हैं तो आइए जानते हैं कौनसे हैं वे काम जिन्हें करने से आपको बचना चाहिए.

नहाने की गलती

योग करने से एक दम पहले और तुरंत बाद कभी नहीं नहाना चाहिए. योग करने से शरीर में जिस उर्जा का संचार होता है नहाने से वो ऊर्जा प्रभावित हो जाती है इसलिए विशेषज्ञय आम तौर पर यही सलाह देते हैं कि योग करने से कम से कम आधे घंटे पहले तक नहीं नहाना चाहिए और यही काम योग करने के बाद भी करना चाहिए. एक और कारण विशेषज्ञ यह भी मानते हैं कि योग करने से शरीर में कभी गर्माहट तो कभी ठंडक होती है और तुरंत नहाने से शरीर का तापमान बिगड़ सकता है.

शरीर पर दबाव डालना

योग करने के अलग अलग नियम होते हैं आप योग को अपने ऊपर बर्डन बना कर ना करें, जरुरी नहीं की आप पहली स्टेज से ही योग में परफेक्ट हो जाएं.

# सुबह उठते ही क्यों आती है उबासी और इसका ज्यादा आना किन बीमारियों की ओर करता है संकेत?



रोजमर्रा की जिंदगी में आप कई तरह की शारीरिक गतिविधियों में लगे रहते हैं, लेकिन ज्यादातर लोगों को पता नहीं होता कि वे शारीरिक गतिविधियां आखिर होती क्यों है. उबासी आना भी इन्हीं गतिविधीयों का एक हिस्सा है. उबासी अक्सर नींद पूरी ना होने, नींद ज्यादा आने और थके होने की वजह से आती है. दरअसल दिनभर में इंसान 5 से 18 बार तक उबासी ले सकता है और यह एक आम सी बात भी है. जब भी हमारे शरीर को ज्यादा ऑक्सीजन की जरूरत होती है या यूं कहें कि जब शरीर में ऑक्सीजन की कमी होती है तो हमारा शरीर भारी मात्रा में ऑक्सीजन को खींचने की कोशिश करता है जिसके कारण हमें उबासी आती है. उबासी आने के सामान्य कारण

' ज्यादा थकान होने से उबासी का आना एक दम आम बात है

' रात की नींद पूरी ना होने पर उबासी आना भी नॉर्मल है

' दिनभर आलस और सुस्ती की वजह से भी उबासी आ जाती है

' कई बार समय से पहले नींद खुल जाने पर भी उबासी आना नॉर्मल माना जाता है सामान्य नहीं है ज्यादा उबासी का आना अब अगर आपको दिनभर उबासी आती रहती है तो यह एक अच्छा संकेत नहीं है. ज्यादा उबासी आना किसी बीमारी की ओर इशारा भी हो सकता है. दरअसल ज्यादा उबासी आना हमारे शरीर में पल रही किसी बीमारी का संकेत हो सकता है और इससे कई गंभीर बीमारियों की शुरुआत हो सकती है. दिन के किसी भी वक्त मुंह खोल कर उबासी लेना किन बीमारीयों की शुरुआत हो सकती है आइए जानते हैं-

स्लीप एप्निया यह एक तरह की बीमारी है जिसमें रात को सोते समय कई बार सांस रुक जाती है, जिसकी वजह से नींद में खलल पड़ता है और दिनभर उबासी आती रहती है.

नार्कोलेप्सी

नार्कोलेप्सी नींद से जुड़ी समस्या है, जिसमें इंसान को बहुत ज्यादा नींद आती है और वह कहीं भी सो जाता है. दिनभर नींद आने की वजह से इंसान को थकान महसूस होती है और वह दिनभर उबासी लेता रहता है. इंसोमेनिया इंसोमेनिया भी उपरोक्त बीमारियों की तरह ही नींद से जुड़ी बीमारी है. इस बीमारी में इंसान को रातभर नींद नहीं आती है और अगर नींद लगने की वजह से बीच में टूट जाए

